# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024





नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले यात्रियों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है।

# त्योहारों पर चलेंगी 400 स्पेशल ट्रेनें, लगाएंगी 5,975 फेरे

## यात्रियों की संख्या के बढ़ते दबाव पर रेलवे ने की विशेष तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा(11 नवंबर) तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेनें लॉन्च की हैं।*

### इस साल बढ़ाए गए ज्यादा ट्रिप

ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। साल यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर यात्रियों की संख्या और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है।

नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक (11 नवंबर) तक दी सुविधा



### मध्य रेलवे 278 स्पेशल ट्रेन चलाएगा

*मध्य रेलवे ने फेस्टिव सीजन के दौरान 278 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे छुट्टियों में अपने पुश्तैनी शहरों में या गांव जाने और फिर वापस आने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इन ट्रेनों का रूट, ऑरिजिन स्टेशन से छूटने और डेस्टिनेशन तक पहुंचने का समय तथा रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी पाने के लिए इंडियन रेल की पूछताछ वाली साइट से पता किया जा सकता है।*

### उत्तर रेलवे ने भी किया सुविधा बढ़ाने का ऐलान

*इससे पहले उत्तर रेलवे ने भी फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों के लिए परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 138 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत 11 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन 2,694 फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे की ओर से दावा किया गया था कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्पेशल ट्रेन के फेरे अधिक होने की वजह से पहले से प्लान करके चलने वाले यात्रियों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्पेशल ट्रेन के अलावा पहले से चल रही 108 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का भी ऐलान किया गया है। ये अतिरिक्त डिब्बे सामान्य श्रेणी के होंगे।*


## खबर संक्षेप

### आतंकियों ने पाक में की 8 सुरक्षाकर्मियों की हत्या



**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम आठ पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबिलाई जिले कुर्रम में वाहन पर घात लगाकर हमला किया। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से अलग हुए आतंकवादी समूह जमात-उल अहरार ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

### साइबर धोखाधड़ी के 18 आरोपी गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना समेत देशभर में साइबर धोखाधड़ी की करीब 319 वारदात में कथित तौर पर शामिल 18 लोगों को एक विशेष अभियान के तहत विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। हैदराबाद शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 6,94,09,661 रुपये की धोखाधड़ी की गई जिसमें निवेश, 'सेक्सटॉर्शन', 'ओटीपी' और बीमा से जुड़ी धोखाधड़ी शामिल है। 'सेक्सटॉर्शन' धोखाधड़ी से आशय किसी को ऑनलाइन माध्यम से अश्लील तस्वीर, संदेश या अन्य सामग्री भेजकर ठगी करने से है।

### मुजफ्फरनगर दंगा के सात आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी



**मुजफ्फरनगर।** जिले की एक अदालत ने 11 वर्ष पूर्व हुए मुजफ्फरनगर दंगे के सात आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में शनिवार को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राहुल चौधरी ने बताया कि बिट्टू, प्रवीण, बब्लू, पंकज, पिंटू, नरेंद्र और अनिल को अदालत ने बरी किया है। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार ने सभी सात आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष मामले में आरोप साबित करने में विफल रहा है।

आज 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की बरसी को यादगार बनाने

# इजरायल कर सकता है खामेनेई के घर, सैन्य हेडक्वार्टर सहित कई बड़े ठिकानों पर अटैक

*आज 7 अक्टूबर 2023 को ही इजरायल पर हमास ने आतंकी हमला कर दिया था। आज इजरायल पर किए गए हमले की बरसी है और सूत्रों का कहना है कि इजरायल हमले की बरसी को यादगार बनाने अब ईरान को बैलिस्टिक मिसाइल हमले का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। चैनल 12 ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि इजरायल ने ईरान पर हमलों की जगह तय कर दी है। इसमें मुख्य रूप से सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का घर, तेल के कुएं और राष्ट्रपति आवास, ईरानी सेना का मुख्यालय और परमाणु संयंत्र समेत कई महत्वपूर्ण जगह हो सकते हैं।*

एजेंसी ▶▶| येरुसलम

इजरायल पर हमास द्वारा किए गए हमले के बाद आक्रोशित इजरायल ने गाजा पट्टी, लेबनान, ईरान सहित कई जगहों पर जमकर हमले किए और आज भी कर रहा है। इजरायल ने अभी तक जहां हमास को बहुत हद तक खत्म कर दिया है वहीं हिजबुल्लाह जैसे बड़े आतंकी संगठन की भी कमर तोड़कर रख दी है। हिजबुल्लाह के चीफ नसरुल्लाह के मारे जाने के बाद ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए हमले से इजरायल तिलमिला गया है और उसका टारगेट अब ईरान भी हो गया है। ईरान ने दागीं थीं 200 मिसाइलबता दें कि हिजबुल्लाह के चीफ नसरुल्लाह के मारे जाने के बाद ईरान ने 1 अक्टूबर को इजरायली धरती पर घंटेभर में 200 मिसाइल दागी।

### इजरायल जल्द ही देगा ईरान को हमले का जवाब



ईरान पर काउंटर अटैक की तैयारी कर रहे इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलांट ने कहा कि पिछले सप्ताह ईरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले का हमारी वायु सेना और हथियारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि इजरायली वायु सेना अभी भी दुश्मन को उचित जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने संकेत दिया कि इजरायल जल्द ही ईरान को मिसाइल हमले का जवाब देगा।

### ईरान में दो दर्जन से ज्यादा मिसाइल साइट

अमेरिकी एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में दो दर्जन से ज्यादा ऐसी साइट हैं जहां मिसाइल स्टोरेज फैसिलिटी और साइलोज (मिसाइल लॉन्चिंग साइट) हैं। ये जमीन से 500 मीटर नीचे हैं। केनेष्ट एरिया में बैलेस्टिक मिसाइल स्टोरेज और साइलोज हैं जो इराक से करीब 150 किलोमीटर दूर हैं। इसी बेस में फतेह शॉर्ट रेंज बैलेस्टिक मिसाइल तैनात है। करमनशाह इलाके में दूसरी बैलेस्टिक मिसाइल फैसिलिटी है।

### ईरान का एयरबेस भी इजरायल के निशाने पर

माना जा रहा है कि जिस तरह ईरान ने इजरायल के एयरबेस को निशाना बनाया था उसी तह इजरायल भी ईरान की युद्ध क्षमता बाधित करने के लिए ईरान के एयरबेस को निशाना बना सकता है। ताकि उनकी एयरफोर्स को अपने ऑपरेशंस करने में दिक्कत हो। ईरान में 17 एयरबेस हैं जिसमें 10 से ज्यादा फाइटर बेस हैं। कई छोटे एयरफील्ड भी ईरान के पास हैं। इजरायली खतरे को देखते हुए ईरान ने अपने एयरबेस की सुरक्षा भी बढ़ाई है।

### गाजा की मस्जिद और स्कूल पर एयर स्ट्राइक 24 मरे, 93 घायल



ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल ने एक बार फिर गाजा में एयर स्ट्राइक की है, जिसमें गाजा के स्कूल और मस्जिद को निशाने पर लिया गया। इस हमले के चलते 24 लोगों की मौत हुई है, जबकि 93 लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर इस मामले में इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने "हमास आतंकवादियों पर सटीक हमले" किए, जो इब्न रुश्द स्कूल और देइर अल-बलाह में शुहादा अल-अक्सा मस्जिद में स्थित कमांड और नियंत्रण केंद्रों के अंदर काम कर रहे थे। इजरायली डिफेंस फोर्सेंज का कहना है कि अब तक चल रहे जमीनी अभियानों के दौरान 400 से ज़्यादा हिज़्बुल्लाह के आतंकियों को मारा गया है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला

# 10 डॉक्टर निष्कासित, 49 अन्य कर्मियों पर भी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले की जांच के लिए गठित आतंरिक कमेटी ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। कमेटी ने कॉलेज के 10 डॉक्टरों को निष्कासित कर दिया, जबकि 49 अन्य कर्मचारियों को अस्थायी रूप से निलंबित किया है। इसमें इंटर्न, हाउस स्टाफ और सीनियर रेजिडेंट शामिल हैं। कमेटी ने निष्कासित डॉक्टरों को पद छोड़ने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है। निष्कासित 10 डॉक्टरों में हाउस स्टाफ आशीष पांडे भी शामिल है। वह वित्तीय अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की हिरासत में है। उनके अलावा, आयुषी थापा, सौरव पाल, अभिषेक सेन, निरंजन बागची, सारिफ हसन, नीलाग्नि देबनाथ, अमरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह और तनवीर अहमद काजी को भी निष्कासित किया गया है। ये सभी मेडिकल कॉलेज के पूर्व और विवादास्पद प्रधानाचार्य संदीप घोष के अत्यंत करीबी और विश्वासपात्र माने जाते हैं।



### निष्कासित डॉक्टरों पर क्या हैं आरोप?

निष्कासन की अधिसूचना के अनुसार, सभी 10 डॉक्टरों पर गंभीर किस्म के आरोप हैं। इनमें दूसरों को परीक्षा में फेल करने या छात्रावास से निकाल देने की धमकी देना, जूनियर छात्रों को विशेष राजनीतिक दल में शामिल होने के लिए मजबूर करना, यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार करना, जबरन धन वसूली, छात्रों के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करना और कुछ छात्रों को निशाना बनाकर शारीरिक हिंसा करना शामिल है।

### आमरण अनशन पर बैठे डॉक्टर

इधर, घटना के विरोध में पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले लगातार प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर शनिवार रात से आमरण अनशन पर चले गए। डॉक्टरों का आरोप है कि राज्य सरकार के साथ लगातार बातचीत के बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में अब वह मांगें पूरे होने पर अनशन पर रहेंगे। डॉक्टरों का कहना है कि वह काम पर तो आएंगे, लेकिन वहां खाएंगे-पीएंगे कुछ भी नहीं।

# भागवत बोले- भारत एक हिंदू राष्ट्र, हमें अपनी सुरक्षा के लिए होना होगा एकजुट

## सामाजिक एकता का संदेश

एजेंसी ▶▶| बारां



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने हिंदुओं से मतभेद और विवाद मिटाकर एकजुट होने का आह्वान किया। शनिवार को उन्होंने राजस्थान के बारां में आयोजित 'स्वयंसेवक एकत्रीकरण' कार्यक्रम में यह बात कही। आरएसएस प्रमुख ने दोहराया कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और हमें अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। समाज ऐसा होना चाहिए, जिसमें एकता, सद्भावना और बंधन का भाव हो। उन्होंने कहा कि समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य-उन्मुख होने का गुण जरूरी है। समाज सिर्फ मेरे और मेरे परिवार से नहीं बनता, बल्कि हमें समाज के प्रति सर्वांगीण चिंता के जरिए अपने जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना है।डॉ. भागवत ने यह भी कहा कि हिन्दू समाज निरंतर संवाद के माध्यम से सद्भाव और एकजुटता बनाए रखता है। कार्यक्रम में कुल 3827 स्वयंसेवक शामिल हुए। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश अग्रवाल, जगदीश सिंह राणा, रमेश चंद मेहता और वैद्य राधेश्याम गर्ग भी मौजूद रहे।

### 'हिंदू सभी को अपनाते हैं और सद्भावना से जीते हैं'

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को सुरक्षा के लिए भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को खत्म कर एकजुट होना आवश्यक है। हम प्राचीन काल से यहां (भारत में) रहते आ रहे हैं, भले ही 'हिंदू' शब्द बाद में आया हो। हिंदू सभी को अपनाते हैं और संवाद के जरिए एकजुटता और सद्भावना के साथ जीता है। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट करने की अपील की और कहा कि समाज की कमजोरियों को दूर करने के लिए समुदायों के बीच व्यापक संपर्क बनाए रखना जरूरी है।

**डॉ. भागवत ने दोहराया- भारत एक हिन्दू राष्ट्र है :** संघ प्रमुख ने साफ तौर पर कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और प्राचीन काल से यहां रहने वाले सभी लोग इसी पहचान से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू वह हैं जो सबको अपनाते हैं और सभी को स्वीकार करते हैं। हिन्दू का मानना है कि हम भी सही हैं और आप भी अपनी जगह सही हैं।

### डासना मंदिर पर प्रदर्शन करने वालों को गोली मार देनी चाहिए थी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की लोनी सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने डासना पीठ के महंत यति नरसिंहानंद की पैगम्बर मोहम्मद साहब के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार रात मंदिर के बाहर हुए प्रदर्शन कर जिक्र करते हुए कहा है कि पुलिस को प्रदर्शनकारियों का 'गोली' मार देनी चाहिए थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गुर्जर कथित रूप से कहते हैं कि अगर 10-20 लोग मर जाते तो 'बवाल करने वाले लोग नहीं होते।' नरसिंहानंद ने पिछली 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है। नरसिंहानंद की टिप्पणी के विरोध में लोगों ने शुक्रवार रात डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया।

# अकाली दल नेता से विवाद, आप नेता मनदीप बराड़ को लगी गोली

एजेंसी ▶▶| फाजिल्का

पंजाब के फाजिल्का जिले में पंचायत चुनाव को लेकर आप कार्यकर्ता और अकाली दल के नेता के बीच बहस के बाद गोलीबारी हुई है। बताया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता मनदीप सिंह बराड़ को इस घटना में गोली लगी है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आप पार्टी ने घटना का इल्जाम शिरोमणि अकाली दल पर लगाया है और कथित तौर पर इस घटना में प्रतिद्वंद्वी पार्टी शिरोमणि अकाली दल का एक सदस्य शामिल था। आप नेता को जैसे ही गोली लगी उन्हें आनन-फानन में जलालाबाद के एक सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लुधियाना के एक मेडिकल सेंटर में रेफर कर दिया गया। कथित तौर पर यह गोलीबारी ब्लॉक विकास और पंचायत अधिकारी के कार्यालय के बाहर हुई।






### आज व कल हर घंटे आसमान से गिरती नजर आएंगी करीब 10 उल्काएं

# 10 अक्टूबर तक आकाश में रोज दिखेगा दुर्लभ नजारा, चांद और शुक्र के पास आएगा ये तारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आसमान के अद्भुत और रोमांचक नजारे 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन दिखेंगे। शनिवार 5 अक्टूबर की शाम सूर्यास्त के बाद अद्भुत खगोलीय नजारा दिखाई दिया। यह शानदार व्यू सूर्यास्त के करीब 40 मिनट बाद दिखा। इस खगोलीय घटना में में पतला चंद्रमा, शुक्र और लाल तारे एंटेरेस के साथ आसमान में चमकता नजर आया। यह नजारा बेहद रहा क्योंकि वृश्चिक नक्षत्र का सबसे चमकीला तारा एंटेरेस मून के सबसे करीब रहा।



### अर्थशाइन से जगमगाया चांद का अंधेरा हिस्सा

रविवार 6 अक्टूबर को चंद्रमा, शुक्र और एंटेरेस के बीच में आया। इस दौरान चांद का अंधेरा हिस्सा पृथ्वी से परावर्तित (लौटकर जाने वाली) रोशनी से चमकता दिखाई दिया इसे अर्थशाइन कहा जाता है। यह संयोग उत्तरी गोलार्ध के कई हिस्सों में साफ तौर पर देखा जा सका।

### 7 और 8 अक्टूबर की शाम कैसी रहेगी?

*इन दो दिनों में चंद्रमा वृश्चिक नक्षत्र के चमकीले तारे एंटेरेस के करीब होगा। कुछ स्थानों पर जैसे- गैलापागोस आइलैंड, दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में मून, एंटेरेस के सामने से गुजरेगा, जिसे खगोलीय भाषा में ऑक्ल्टेशन कहते हैं।*

### आज 7-8 अक्टूबर की रात को क्या होगा?

*इसी महीने की 7 और 8 अक्टूबर को रात में ड्रेकोनिड उल्कापात चरम पर होगा। साफ मौसम में रात के वक्त उल्कापात को देखा जा सकता है, जिसमें हर घंटे करीब 10 उल्काएं गिरती नजर आएंगी।*

### कैसे रहेगी 9 और 10 अक्टूबर की शाम?

*अक्टूबर 9 और 10 को शाम के वक्त चंद्रमा सगीटेरियस (धनु) नक्षत्र के तारों के समूह टेपॉट के पास दिखाई देगा। यह खगोलीय नजारा देर रात तक आकाश में देखने को मिलेगा।*

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### अभी भी वक्त है कर दो सरेंडर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी वक्त है सरेंडर करते हुए हथियार छोड़कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो जाएं और प्रदेश के विकास में बाधक नहीं सहायक बनें। उन्होंने नक्सलियों से सरकार की पुनर्वास शेष पेज 2 पर

### अमित शाह व सीएम की रणनीति से वर्ष 2026 तक माओवाद का होगा अंत

# मारे गए नक्सलियों में 22 पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा के ईनाम, जवानों का हौसला बढ़ाने पहुंचे तीन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/दंतेवाड़ा

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश के अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में 22 की पहचान हो चुकी है। इन पर 1.67 करोड़ रुपए का ईनाम बताया जा रहा है। इनमें कई बड़े नक्सली भी शामिल है। अभी नौ की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। इधर, जवानों का हसौला बढ़ाने शेष पेज 2 पर

### गृहमंत्री ने कहा, केन्द्रीय गृहमंत्री व सीएम साय का संदेश लेकर आया हूं

गृहमंत्री विजय शर्मा ने अबूझमाड़ मुठभेड़ में शामिल जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम विष्णु देव साय का बधाई संदेश लेकर दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह व सीएम विष्णु देव साय की रणनीति से वर्ष 2026 तक माओवाद का बस्तर से सफाया कर दिया जाएगा। विजय शर्मा ने कहा कि आप पर मां शेष पेज 2 पर



### यह रहे मौजूद

दंतेवाड़ा के कारली स्थित रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में नेताओं ने जवानों से मुलाकात की और उनका हसौला बढ़ाया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अलावा कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग मंत्री रामविचार शेष पेज 2 पर

### 2 लाख से 25 लाख तक के इनामी

मुठभेड़ में मारे गए 2 लाख से 25 लाख तक के इनामी 22 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें एसजेडसीएम पूर्व बस्तर डिविजन इंचार्ज सचिव 25 लाख की इनामी नीति उर्फ उर्मिला के अलावा नंदू शेष पेज 2 पर





### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं पर भी होगी चर्चा

## नक्सलवाद समाप्त करने दिल्ली में बनेगी रणनीति





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को दिल्ली में नक्सल ऑपरेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा तथा 6 पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे अभियान की समीक्षा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए बैठक की जा रही है। इसमें भाग लेने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार शाम उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ नई दिल्ली रवाना हुए। गृहमंत्री श्री शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया है। पिछले नौ महीनों में सुरक्षा बलों ने 190 से अधिक नक्सलियों शेष पेज 2 पर

### भविष्य की कार्ययोजना पर विचार

उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास दोनों को प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्रीय गृहमंत्री के नेतृत्व में चल रहे अभियान से इस समस्या के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हो रही है। बैठक में पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे, क्योंकि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतर्राज्यीय समन्वय शेष पेज 2 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पं. धीरेंद्र शास्त्री ने रखा नौ दिन का मौनव्रत



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नवरात्रि में मौन व्रत रखे हुए हैं। पं. शास्त्री जगत के कल्याण और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए शक्ति साधना में लीन हैं। बागेश्वर धाम में विशेष पूजा अर्चना भी हो रही है। वह बागेश्वर दाम में नवरात्रि में नौ दिनों तक मौन व्रत रखकर उपवास के साथ-साथ महायज्ञ कर रहे हैं।

### कोरियोग्राफर जानी का फिल्म पुरस्कार सस्पेंड



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर कोरियोग्राफर जानी मास्टर को दिए जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को निलंबित कर दिया है।

### घर में सो रहे तीन बच्चों समेत सात जिंदा जले



**मुंबई।** मुंबई में रविवार सुबह दो मंजिला दुकान-सह-आवासीय इमारत में आग लगने से तीन नाबालिगों सहित सात लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। इमारत के भूतल का इस्तेमाल दुकान के रूप में और

### 10 करोड़ की कोकीन बरामद, एक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने लगभग 5,600 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के अमृतसर से 10 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद की है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी देश छोड़कर भागने की फिराक में था।

### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई अस्पताल में भर्ती



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को रक्त शर्करा संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि रक्त शर्करा कम होने और चक्कर आने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

### मप्र, यूपी, गुजरात, राजस्थान और पंजाब के लोकल बाजारों में सप्लाई का अंदेशा

# भोपाल में पकड़ी गई 1800 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स, छत्तीसगढ़ से भी जुड़ रहे तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**गुजरात एटीएस, दिल्ली एटीएस और दिल्ली एनसीबी की टीम ने यहां बड़ी छापामार कार्रवाई की। शनिवार को अधिकारियों ने कटारा हिल्स इलाके के प्लॉट नंबर 63 पर बनी एक निजी फैक्ट्री में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान टीम ने 1800 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की है। 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी कार्रवाई से राजधानी पुलिस को दूर रखा गया था।**

24 घंटे से राजधानी में दिल्ली एटीएस, एनसीबी और गुजरात एटीएस की टीम मौजूद थी। बागरोदा के इंडस्ट्रियल एरिया से टीम ने 907 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स जब्त किया है। फैक्ट्री में छापा मारने जब अधिकारियों की टीम पहुंची तो पता चला कि यहां मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाया जा रहा था। इसके अलावा छापेमारी के दौरान मेफेड्रोन (एमडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाला लगभग 5000 किलोग्राम कच्चा माल और कई उपकरण भी मिले। मौके से ग्राइंडर, मोटर, ग्लास फ्लास्क और हीटर भी मिला है। फिलहाल इन सभी को आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। गुजरात के सूरत में पकड़ाए आरोपियों से लिंक मिलने के बाद भोपाल में ये बड़ी कार्रवाई की गई है। इधर, मंदसौर में भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

**भोपाल को नशे का 'साइलेंट सौदागर' बनाने की साजिश नाकाम** | **राजधानी भोपाल की पुलिस बेखबर रही और गुजरात की पुलिस ने मार दिया झपट्टा** | **सूरत से मिला था भोपाल का इनपुट**

- बागरोदा के इंडस्ट्रियल एरिया से टीम ने 907 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग्स जब्त किया
- मेफेड्रोन (एमडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाला लगभग 5000 किलोग्राम कच्चा माल भी मिला
- इस फैक्ट्री में 25 किलो एमडी ड्रग्स होता था रोज तैयार, 6 महीने पहले किराए पर ली थी फैक्ट्री
- इस फैक्ट्री में नशा बनाने के लिए गोपनीय तरीके से 3 महीने पहले मशीनें की गईं थी इंस्टाल





### 25 किलो एमडी ड्रग्स होता था रोज तैयार

इसके लिए आरोपियों ने बागरोदा में 6 महीने पहले एक फैक्ट्री किराए पर ली थी और करीब तीन महीने पहले मशीनें लगाई गई थीं। सील की गई फैक्ट्री करीब 2500 गज के शेड में चल रही थी। यहां पर रोजाना करीब 25 किलोग्राम मेफेड्रोन तैयार होता था। इस ड्रग्स को किसे बेचा जा रहा था।

### 5 साल जेल में रह चुका है आरोपी

आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी सान्याल प्रकाश बाने को 2017 मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में एमडी जब्ती मामले में गिरफ्तार किया गया था। 5 साल जेल में रहने के बाद उसने अपने साथियों के साथ फिर से साजिश रची थी।

### दिल्ली पुलिस ने जब्त की थी 5 हजार करोड़ की ड्रग्स

ये खेप यूके से महाराष्ट्र के किसी बंदरगाह पर आई थी -बीते दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी में 5000 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की थी। जांच में पता चला है कि यह ड्रग्स यूके से भारत भेजा गया था। दिल्ली पुलिस ने एक अंतरर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर चार मादक पदार्थ तस्करों तुषार गोयल, भरत कुमार जैन, औरंगजेब सद्दीकी और हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी तुषार गोयल के दिल्ली के महिपालपुर स्थित गोदाम से 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है। मादक पदार्थों की ये खेप विदेश से महाराष्ट्र के किसी बंदरगाह पर आई। अंतरर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद मदाक पदार्थों की इस खेप की कीमत 2000 से 5000 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

### सीता के स्वयंवर का था दृश्य

## रामलीला मंचन के दौरान आया हार्ट अटैक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में शाहदरा के विश्वकर्मा नगर में रामलीला के दौरान भगवान राम की भूमिका निभाते समय मंच पर दिल का दौरा पड़ने से 56 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील कौशिक के रूप में हुई है, जो पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे। सुनील के परिवार के एक सदस्य राहुल कौशिक ने बताया कि सुनील 'जय श्री रामलीला समिति' से जुड़े थे और उसके सदस्य थे। राहुल ने बताया कि सुनील लंबे अर्से से भगवान श्री राम की भूमिका निभा रहे थे। वह गायन भी करते थे। उन्होंने बताया कि सुनील शेष पेज 2 पर

### इधर, क्रिकेट के पिच पर नाबालिग की मौत

मप्र के आगर मालवा में क्रिकेट खेलते हुए 15 साल के एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि रविवार को क्रिकेट खेलते समय एक लड़का अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर सुसनेर में सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। माखन सिंह नाम का नाबालिग क्रिकेट खेलते समय बेहोश हो गया।

### मंत्री बोले-टीके का हो सकता है असर

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुनील की मौत का संबंध कोविड-19 टीके से हो सकता है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'यह चर्चा आम है कि कारोना से बचाव के लिए लगाए गए टीके के बाद भारत में ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं जिनमें नौजवान लोग चलते फिरते दिल का दौरा पड़ने से मर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें नजर आ रहा है कि सुनील तबीयत खराब होने के बाद मंच के पीछे चले गए।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर में बड़ा हादसा

## डोंगरगढ़ में भारी भीड़ भगदड़ में महिला की दम घुटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में शनिवार देर रात दर्शन के लिए इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं में भगदड़ मचने से एक महिला की मौत हो गई है। महिला अपने परिवार के साथ ही दर्शन के लिए कतार में लगी हुई थी, उसकी मौत दम घुटने से होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा पांच लोग बेहोश हुए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। करीब एक लाख लोगों के आने की उम्मीद मंदिर समिति एवं प्रशासन को थी, लेकिन इससे दोगुना लोग दर्शन के लिए पहुंच गए। ऐसे में शनिवार रात को ऊपर मंदिर के करीब बने ट्रस्ट के पुराने कार्यालय के पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए बेरिकेट लगाकर रोका गया था। इसके बाद जैसे ही भक्तों को दर्शन के लिए छोड़ा गया, वहां भगदड़ जैसे हालत हो गए। इसी बीच धमतरी जिले से दर्शन के लिए आई 32 वर्षीय महिला सोनल साहू दम घुटने से बेहोश हो गई।



### ऐतिहासिक भीड़, ट्रस्ट प्रशासन के छूटे पसीने

मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए इस बार नवरात्रि पर ऐतिहासिक भीड़ पहुंच रही है। शनिवार को भी दो लाख से अधिक लोगों के पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने में ट्रस्ट के साथ ही प्रशासन के भी पसीने छूट रहे हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी भक्तों से अपील कर दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करने कहा है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

अस्पताल प्रभारी डॉ. बीपी एक्का ने बताया कि महिला के अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं इसके अलावा इन लोगों को आई चोट उक्त घटना में घायल लोगों को शासकीय अस्पताल लाया गया। जिसमें पल्लवी (दुर्ग), ईसा मदले (दुर्ग), पिंकी साहू (बिलासपुर), लिपिका नायक (दुर्ग), दीपक नेताम (अछोली), आनंद जटकन्हार, मंजू शर्मा (भंडारपुर), उमेश (अर्जुनी), लियाना (डोंगरगढ़), राहुल साहू (अछोली), नेहा (गोंदिया), कार्तिक (गोंदिया) शामिल हैं।

### रसूखदारों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

## फेसबुक लाइव में टीटीई की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक महिला अपने फेसबुक अकाउंट में रसूखदारों का नाम लेते हुए प्रताड़ना का आरोप लगाकर आत्महत्या करने की बात कहने लगी। पुलिस उनके घर गई तो दरवाजा बंद मिला। पति के आने पर दरवाजा खोला गया। अंदर महिला फांसी के फंदे पर लटकी नजर आईं। उन्हें उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फेसबुक में लिखे सुसाइड नोट को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। रविवार की दोपहर लगभग एक बजे श्रीकांत वर्मा मार्ग सांई मंदिर के पीछे रहने वाले रेलवे विभाग में टीटीई अजय सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह अपने फेसबुक अकाउंट में लाइव होकर घर के आसपास रसूखदारों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कह रही थीं। लोगों ने इसकी जानकारी एडीशनल एसपी उमेश कश्यप को दी। श्री कश्यप के निर्देश पर तारबाहर टीआई जेपी गुप्ता पेट्रोलिंग पार्टी के साथ उनके घर पहुंच गए, घर का दरवाजा शेष पेज 2 पर

### बेटी से कहा दरवाजा मत खोलना

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि पुलिस जब दरवाजा खटखटा रही तो दरवाजा किसी ने नहीं खोला। टीटीई द्वारा दरवाजा खोलने पर पुलिस अंदर गई तो उनकी बेटी आकांक्षा 22 साल रोती हुई मिली। पूछताछ में आकांक्षा ने बताया, उसकी मां ने कहा था, कोई भी आए तो दरवाजा मत खोलना। इसलिए वह दरवाजा नहीं खोल रही थी।

### शासन को तबादला नीति बनाने के आदेश

## दिव्यांग कर्मचारियों को घर के नजदीक मिलेगी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अलग-अलग विभागों में काम करने वाले दिव्यांग अधिकारी और कर्मचारियों की पोस्टिंग और तबादले के लिए नीति बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य आयुक्त की नियुक्ति की जाए। कोर्ट के आदेश से दिव्यांग कर्मियों के तबादले और पोस्टिंग में उनके अधिकारों का पूरा संरक्षण होगा, इसलिए यह उनके लिए लाभकारी होगा। एक मामले शेष पेज 12 पर

### पसंद के स्थानों पर तैनाती

कोर्ट ने स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही याचिकाकर्ता को नगर पालिका परिषद बेमेतरा में कार्य करने की अनुमति दे दी गई है। याचिकाकर्ता को 10 दिवस के भीतर सचिव नगरीय प्रशासन के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा। न्यायालय ने यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है तो सचिव नगरीय प्रशासन उस पर विधि अनुसार विचार कर निर्णय लेंगे।

### पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

*न्याय यात्रा को बताया सफल, राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच लेकर गए*

# बैज बोले- सब चाहते हैं कि बस्तर नक्सल मुक्त हो लेकिन एनकाउंटर की आड़ में निर्दोष न मारे जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

कांग्रेस की न्याय यात्रा की सफलता को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य सरकार के नाकामियों को लेकर जनता के बीच गए थे। इन मुद्दों पर कांग्रेस को बड़ी सफलता मिली है। आगे भी इस तरह की यात्राएं प्रदेश में होंगी। प्रदेश में आगे उपचुनाव, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बीच प्रदेश कांग्रेस संगठन में नई नियुक्तियां की जाएंगी। पार्टी में सभी बड़े नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस सामूहिक रूप से निर्णय लेकर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है। श्री बैज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के नौ माह के कार्यकाल को असफल बताते हुए कहा कि उनकी सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। सार्थक संवाद में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे चर्चा की।

- *प्रदेश अध्यक्ष पद पर नया चेहरा लाएंगे, आपकी न्याय यात्रा के बीच ऐसी चर्चा हो रही है। आग लगी है, तभी तो धुआं उठ रहा है।*
- राजनीति में लोग कयास लगाते रहते हैं। राजनीति में आजकल बहुत सारी टेक्निक हो गई है। बिना आग के धुआं भी निकलता है। कांग्रेस में आंसू गैस कोई नहीं छोड़ रहा, भाजपा इस कोशिश में है कि आंसू गैस छोड़ी जाए। पिछले नौ महीनों में अपनी नाकामियों को लेकर भाजपा परेशान है। चुनाव जीतकर सत्ता में आई है तो उनकी नाकामियों को उजागर करना हमारा काम है। कांग्रेस जनता के लिए आईना है।





- *भाजपा दीपक बैज को क्यों परेशान दिखाई दे रही है?*
- वास्तव में जिस उम्मीद के साथ भाजपा सत्ता में आई, नौ माह से सरकार चल रही है। सरकार जनता का दिल जीतने में सफल नहीं रही। यहां पर कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर जनता खफा है। मरीन ड्राइव में अंबिकापुर के युवक की हत्या हो जाती है। महिलाओं से दुराचार की घटनाएं हो रही हैं। विपक्ष लगातार इसके लिए लड़ता रहा है। विपक्ष की भूमिका में होने के कारण जनता की आवाज बुलंद कर रहे हैं। विधानसभा में भी इन मामलों को उठाने से सरकार बदनाम हो रही है।
- *भाजपा सरकार की नाकामी और लोकसभा चुनाव में राज्य में प्रचंड सीटें मिलीं, इसमें विरोधाभास है, इसे कैसे देखते हैं?*
- कई राज्यों में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की लहर रही। शेष पेज 2 पर

चिंतन

# देश में अवैध ड्रग्स के डार्क नेटवर्क का खात्मा जरूरी

देश में मादक पदार्थ के काले कारोबार का डार्क नेटवर्क बड़ा से बड़ा होता गया है। यह इससे पता लगता है कि ड्रग्स की बड़ी खेप लगातार पकड़ी जाती रही हैं। अभी गुजरात एटीएस व दिल्ली एनसीबी ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक फैक्टरी से 1,814 करोड़ रुपये की कीमत का मेफेड्रोन (एमडी) मादक पदार्थ और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल जब्त किया। गुजरात के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) और दिल्ली के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने ठोस तथा तरल रूप में कुल 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया। उधर, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने लगभग 5,600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के अमृतसर से 10 करोड़ की कोकीन बरामद की है। दो अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने शहर में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी, जिसमें 560 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,620 करोड़ रुपये है। यह पहली बार नहीं है जब इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़े गए हैं, इससे पहले मुंदरा पोर्ट से 21 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स समेत अनेक मौकों पर हजारों करोड़ रुपये के मादक पदार्थ पकड़े गए हैं। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में वर्ष 2020 में 5.2 टन अफीम की चौथी सबसे बड़ी मात्रा ज़ब्त की गई थी और तीसरी सबसे बड़ी मात्रा में मॉर्फिन (0.7 टन) भी उसी वर्ष ज़ब्त की गई थी। भारत में ड्रग्स के अवैध कारोबार की जड़ें गहरी हैं और इसमें विदेशी एजेंसियां भी लिप्त हैं। भारत डेथ (गोल्डन) क्रीसेंट और डेथ (गोल्डन) ट्रायंगल के बीच स्थित है। इन दो क्षेत्रों से ड्रग माफियाओं द्वारा यहां हेरोइन तथा मेथामफेटामाइन जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। डेथ (गोल्डन) क्रीसेंट में अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं। डेथ (गोल्डन) ट्रायंगल में वियतनाम, थाईलैंड, लाओस और म्यांमार शामिल हैं। चीनी माफियाओं से भी बढ़ावा मिलता है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री मार्गों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी, भारत में तस्करी की जाने वाली कुल अवैध नशीली दवाओं का लगभग 70 फीसदी हिस्सा होने का अनुमान है। मादक पदार्थ की लत से अनेक सामाजिक, पारिवारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सरकार नशे के खिलाफ अभियान भी चला रही है, इसके बावजूद नशे की बेल बढ़ती ही जा रही है। विदेशी खुफिया ताकतें भी भारत में ड्रग्स के डार्क नेटवर्क को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का प्रयास करती हैं। अमेरिका में नई घातक ड्रग्स ज़ोंबी दवा (फेंटानिल) के विषय में पता चला है। ड्रक्स नेटवर्क का कनेक्शन आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग व भ्रष्टाचार आदि से भी जुड़ा होता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2018-25 की अवधि हेतु ड्रग डिमांड रिडक्शन के लिए योजना तैयार की है। यह योजना निवारक शिक्षा, जागरूक पीढ़ी, नशीली दवाओं पर निर्भर व्यक्तियों की पहचान, परामर्श, उपचार और पुनर्वास पर केंद्रित है। नारकोटिक ड्रग्स के खिलाफ भारत संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन से भी जुड़ा है। डार्कनेट, क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन, हाईटेक, कोडिंग आदि के प्रयोग के चलते ड्रक्स के अवैध कारोबार को क्रेक करना मुश्किल रहता है। इसके बावजूद सरकार व पुलिस के लिए अवैध ड्रग्स के डार्क नेटवर्क का खात्मा जरूरी है, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के जाल में फंसने से बचाया जा सके।

विमर्श

डॉ. रमेश ठाकुर



# आपदा से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से हो रहा बेहतर

कुदरती आपदाएं कब आ जाएं, कुछ नहीं पता? देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप अपना कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला कहा जाने वाला क्षेत्र भी इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है, जैसी बिहार में बनी है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदाओं से निपटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है? आत्मनिर्भता की जागरूकता के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने बीते एक दशक से अभियान छेड़ा हुआ है कि कुदरती आपदाओं से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आना चाहिए, सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाओ दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। महज पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें, तो देश में अचानक आई आपदाओं से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर रहता है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती? पर, अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक आविष्कार हमारे पास मौजूद हैं जिससे हम कम से कम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया।

इस एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं, मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुईं। अब संकट के समय में एक अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है। बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की दरकार है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन से न्यूनतम ही असर हो। इसमें न केवल उनके जान माल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो काबिले तारिफ हैं। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्य करने की कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हर संभव मदद पहुंचाई। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है।

यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। भगवा रंग में दिखने लगे हैं अब कर्मी। आपदाओं के वक्त इनके आने से लोग समझ जाते हैं कि अब हालात नियंत्रण में आ जाएंगे। यही भरोसा किसी भी आपदा रक्षा बल की ताकत होता है। फिर भी 140 करोड़ के देश में प्राकृतिक से अधिक मानव निर्मित आपदाएं आती ही रहती हैं जिसमें 16,000 जवानों वाले एनडीआरएफ ने जिस प्रकार से अपनी मदद से मौजदूगी दर्ज कराई है उसके कारण आज भारत आपदाओं से बचाव में आत्मनिर्भर दिखने लगा है। केंद्र सरकार ने पृश्वी मंत्रालय का गठन कर विज्ञानिक सूचनाओं का सहारा लेकर जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य की ओर मजबूती से अपना कदम बढ़ाया है। निश्चित रूप से 20 साल से कम समय एनडीआरएफ ने आपदा में बचाव का जो रिकॉर्ड बनाया है, उसमें वर्तमान केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति और बल को सशक्त बनाने के लिए किया जाने वाला उपाय शामिल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अंधविश्वास की जड़ें अभी भी गहरी है



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

पिछले दिनों उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले के रसगांव स्थित एक निजी स्कूल के तरक्की के लिए स्कूल के हास्टल के ही एक 11 साल के बच्चे की बलि चढ़ाने की खबर प्रकाश में आई। आश्चर्यजनक तौर पर इस घटना का अंजाम किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं बल्कि उस स्कूल के प्रबंधक, प्रिंसिपल और शिक्षकों ने मिलकर दिया। विचारणीय है कि अंधविश्वास को खत्म करने के लिए जहां शिक्षा का प्रसार किया जा रहा है वहीं जिनके जिम्मे शिक्षा की जवाबदेही है उन्होंने ही अंधविश्वास को बढ़ाने का कृत्य कर डाला। बहरहाल अंधविश्वास की जड़ें पूरे देश में फैली हुई है और इसमें सभी धर्मों और समाज के लोग भरपूर खाद-पानी डाल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के एक गांव में एक बच्ची को जादू टोने से बीमार करने के शक में दो महिलाओं सहित चार लोगों की निर्मम हत्या की स्याही सूखी भी नहीं थी कि नक्सल प्रभावित सुकमा के एक गांव में जादू- टोना से बच्चों को बीमार करने की आशंका के चलते तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को लाठियों से पीट-पीट कर मौत की नींद सुला दिया। देश आज भी 2018 में दिल्ली का बुराड़ी कांड नहीं भूला है जिसमें एक ही परिवार के 11 लोगों ने अंधविश्वास के फेर में अपनी जान दे दी। देश के सबसे साक्षर राज्य केरल में अंधविश्वास के चलते 2 महिलाओं की बलि ने यह साबित कर दिया है कि अंधविश्वास जैसे अवैज्ञानिक मान्यता की जड़ें इक्कीसवीं सदी के भारत में अभी भी गहरी है। आश्चर्यजनक तौर पर इस कृत्य को एक डॉक्टर और उसके पत्नी ने आय बढ़ाने के लिए एक तांत्रिक के जरिए अंजाम दिया था।

विचारणीय है कि शिक्षा और विज्ञान के व्यापक विकास और प्रसार के बावजूद भारतीय समाज में टोने-टोटके और भूत-प्रेत का अस्तित्व मानने वालों की कमी नहीं है। विडंबना यह है कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में महिलाओं को डायन या टोनही ठहराने या किसी व्यक्ति को तंत्र-मंत्र के नाम पर प्रताड़ित करने की घटनाएं आए दिन घटित हो रही है। अंधविश्वास के प्रति बढ़ते विश्वास के चलते ही कई परिवारों को जादू-टोना के आरोप में सामाजिक बहिष्कार का अभिशाप भी झेलना पड़ रहा है। समाज में जारी पुरुष प्रधान व्यवस्था के चलते अंधविश्वास का सबसे ज्यादा शिकार महिलाएं हो रहीं हैं जो डायन या टोनही का कलंक लेकर तिरस्कृत जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। आधुनिक युग मे अंधविश्वास का पनपना सभ्य समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। आश्चर्यजनक तौर पर अशिक्षित या ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति ही नहीं बल्कि शिक्षित और शहरी तबका भी जादू - टोना, झाड़-फूंक या ताबीज-गंडे का सहारा ले रहा है। आम भारतीयों की बात करें तो वे रोजमर्रा के टोटके जैसे बिल्ली का रास्ता काटने पर रास्ता बदलने, कुत्ते और बिल्ली के रोने और बिल्लियों के झगड़ने पर अनिष्ट की आशंका, छींक आने पर काम में बाधा, आंख फड़कने पर लाभ या हानि का टोटका, व्यवसायिक संस्थानों में नीबू - मिर्च लटकाने, बच्चों के नजर उतारने, परीक्षा में सफलता पाने के लिए टोटके अपनाने और शगुन-अपशगुन जैसे अनेक रूढ़िवादी अंधविश्वास का शिकार हैं। दरअसल ये सभी विचार या टोटके ही व्यक्ति में अंधविश्वास का बीजारोपण करते हैं जिससे हर लिहाज में बचा जाना चाहिए। भारत में अंधविश्वास पनपने का मूल कारण यहां के लोगों खासकर महिलाओं का बहुत ज्यादा धर्मभीरु होना है जिसके चलते लोग ठगी का भी शिकार हो रहे हैं। मीडिया में आए दिन महानगरों से लेकर छोटे शहरों से तांत्रिकों के फेर में फंसकर अनेक परिवारों द्वारा लाखों रुपए लुटाने की खबरें आती रहती है। विडंबना यह कि शिक्षित तबका भी बीमारी, नौकरी, आर्थिक समस्या, गृह क्लेश, दांपत्य सुख और निःसंतानता जैसी समस्याओं के लिए जादू-टोना या तंत्र-मंत्र और बलि जैसे अंधविश्वास का सहारा ले रही है।



विचारणीय है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां विभिन्न दलों के राजनेता बहुतों के आदर्श होते हैं जिनका लोग अनुसरण करते हैं लेकिन हमारे राजनेता सबसे ज्यादा अंधविश्वासी नजर आते हैं। हमारे नेता चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने, शपथ लेने अथवा पदभार संभालने के लिए मुहूर्त देखने के अंधविश्वास पर निर्भर हैं यहां तक कि उनमें पितृपक्ष में अनेक नवीन फैसलों या राजनीतिक निर्णयों को भी टालने की प्रवृत्ति होती है। सरकारी बंगलों और कार्यालयों में वास्तुदोष और ग्रहदोष के नाम पर सरकारी पैसों से तोड़ फोड़ कराना नेताओं का आम शगल बन चुका है। अमूमन सभी राजनीतिज्ञ किसी न किसी ज्योतिषी या तांत्रिकों के फेर में रहते हैं जिसका अनुसरण उनके समर्थक या आम जनता करते हैं। राजनीतिज्ञों द्वारा सत्ता पाने या अपने विरोधी को राह से हटाने के लिए तांत्रिकों के शरण में जाने या तंत्र-मंत्र का सहारा लेने की खबरें आम है। पाठकों के स्मरण में होगा कि स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में धीरेन्द्र ब्रह्मचारी और स्व. पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में चंद्रास्वामी जैसे ज्योतिष और तांत्रिकों की खूब तूती बोलती थी। अलबत्ता इसके अलावा अनेक शीर्ष नेताओं के विभिन्न धर्म गुरूओं और उनके आश्रमों के पीछे अगाध आस्था के पीछे प्रमुख वजह सत्ता के लिए तांत्रिक क्रिया, पूजा-अनुष्ठान या कथित ग्रह शांति के उपाय ही है। दूसरी ओर सिर्फ राजनेता ही नहीं बल्कि नौकरशाह, जज, इंजीनियर, उद्योगपति और सेलेब्रिटी भी वास्तुदोष जैसे अंधविश्वास के गिरफ्त में हैं।

बहरहाल देश में बढ़ते अंधविश्वास के लिए हमारी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक परिस्थितियों के अलावा अशिक्षा, बीमारी और गरीबी जैसे कारण जिम्मेदार हैं। आज भी वनांचलों और दुर्गम ग्रामीण इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य की पहुंच बेहद लचर है फलस्वरूप इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग बीमार होने या सर्पदंश का शिकार होने पर गांव के बैगा-गुनिया या ओझाओं के झाड़-फूंक का सहारा ले रहे हैं। समाज का एक तबका गरीबी के चलते शिक्षा और इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है लिहाजा वह अंधविश्वास के फेर में उलझ रहा है। देश में मानसिक रोगियों की तदाद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है लेकिन अशिक्षा और अज्ञानता की वजह से लोग मानसिक रोगों के लक्षणों से अनजान रहते हैं और झाड़-फूंक या तांत्रिक क्रियाओं का सहारा लेते हैं। विडंबना यह कि इस क्रिया में तांत्रिक या बैगा-गुनिया द्वारा पीड़ित व्यक्ति को शारीरिक प्रताड़ना दी जाती है अथवा गरम सलाखों से दागा जाता है अथवा उसे जंजीरों से बांधा जाता है। परिजनों को मनोरोग के लक्षण पहचान नहीं होने और मानसिक रोगियों के उचित समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से मनोरोगियों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें लगातार आती रहती हैं।


इसी साल जुलाई में उत्तरप्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक सत्संग में मचे भगदड़ में 122 लोगों की मौत हो गई वहीं सैकड़ों लोग बुरी तरह से जख्मी हुए थे। यह घटना कथित 'भोले बाबा' के पैरों की धूल लेने की होड़ में घटित हुई थी। दरअसल आज लोग चमत्कार की आस में दवा और दुआ को परे रखकर बाबाओं के शरण में जा रहे हैं फलस्वरूप समाज में अंधविश्वास और पाखंड दिनों-दिन बढ़ रहा है। विडंबना यह कि देश की युवा पीढ़ी भी अंधविश्वास के चक्रव्यूह में उलझ रहे हैं जो देश और समाज के लिए चिंताजनक है। युवाओं का धार्मिक होना एक सुखद संकेत है लेकिन पाखंड और अंधविश्वास के जंजाल में उलझना उनके भविष्य के राह में बाधक ही है। युवाओं को आस्था और अंधविश्वास के फर्क को समझना होगा। धार्मिक आस्था जहां लोगों में साकारात्मकता लाती है वहीं अंधविश्वास से नाकारात्मक भाव का संचार होता है। आध्यात्म में जहां विज्ञान और मनोविज्ञान है वहीं अंधविश्वास पूर्ण रूपेण अवैज्ञानिक, अतार्किक और पाखंड के बुनियाद पर टिका है।

अंधविश्वास के बाजार को बढ़ावा देने में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल्स और सोशल मीडिया भी काफी हद तक जवाबदेह हैं। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जहां अंक ज्योतिष और कुंडली के नाम पर टोटके बताने वाले कार्यक्रम परोस रहे हैं वहीं अनेक चैनल भूत - प्रेत के नाम पर सनसनी फैलाने वाले कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं जिसका बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इन चैनलों पर ऐसे कथावाचकों या संतों व बाबाओं के धार्मिक कार्यक्रम प्रसारित होते हैं जिसमें वे दर्शकों को विभिन्न समस्याओं से छुटकारा पाने या परीक्षा में सफलता के लिए टोटके बताते हैं। अलबत्ता यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सोशल मीडिया अंधविश्वास और डर फैलाने का बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है। इस मीडिया में तो बाल और नाखून कटवाने के दिन वार निश्चित करते हुए बीमारी से लेकर बेरोजगारी, आर्थिक उन्नति, पारिवारिक क्लेश से मुक्ति के तमाम टोटके उपलब्ध हैं। आलम यह कि वास्तुदोष और शुभ - अशुभ के नाम पर अनेक पेड़ - पौधों को घरों में लगाने और घर से बाहर करने के तमाम अंधविश्वास मौजूद हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## निंदा का परित्याग



संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक सत्संग ऐसी भी



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### स्वदेशी की राह

महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन और स्वदेशी आंदोलन चलाकर देश को आजाद कराने में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने 1920 में असहयोग आंदोलन चलाकर न केवल विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तथा इनकी होली जलाने तक ही सीमित रखा, बल्कि उद्योग कलाकारी, भाषा, शिक्षा, वेशभूषा आदि सब पर स्वदेशी का रंग चढ़ा दिया था। भारत के गुलाम होने का आधार था ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत आना। देश की सभ्यता, संस्कृति, भाषा, कलाकृति और प्राचीन कौशल की राह देश को आत्मनिर्भर बनाने का सपना पूरा करने में सरलता पैदा करेगी। अगर हम इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाएं तो यह पता चलेगा कि स्वदेशी ही हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम का मूल मंत्र रहा। हमारे देश के लिए गर्व की बात है कि हमारे उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं। *– प्रवीण ठाकुर, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### मार्शलों की ही बात सुनी



आतिशी जी और सौरभ जी ने आज जो ड्रामा किया ये वो उसी दिन कर सकते थे,जिस दिन मुख्यमंत्री की शपथ हुई और उपराज्यपाल महोदय के साथ चाय पान हो रहा था वो भी एलजी हाउस में ही..!! उपराज्यपाल महोदय, आपने बस मार्शलों की बात सुनी। कोई रास्ता निकल सके तो हम बहुत आभारी रहेंगे।

-मनोज तिवारी, भाजपा सांसद

### महंत की बयानबाजी



गाजियाबाद में डासना देवी मन्दिर के महंत ने इस्लाम मजहब के खिलाफ फिर से नफरती बयानबाजी की जिससे पूरे इलाके में अशान्ति व तनाव की स्थिति है। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की गयी किन्तु मूल दोषी भयमुक्त।

-मायावती, बसपा प्रमुख

### मां को श्रद्धांजलि



आज, हमारी मां हमें छोड़कर मोक्ष यात्रा पर निकल गईं। उनकी कमी जीवन में किसी तरह पूरी नहीं की जा सकेगी। उनके बताए रास्ते पर हम चल पाएं, ये ही उस पवित्र आत्मा को श्रद्धांजलि होगी।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### स्मार्ट निष्पादन



व्यवसाय निरंतरता का खेल है! हर दिन मैं अपने दिमाग को अधिक तेज सोचने और बेहतर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करता हूं। यह सिर्फ कड़ी मेहनत के बारे में नहीं है, यह स्मार्ट निष्पादन के बारे में है।

-डा. विवेक बिंद्रा, मोटिवेशन स्पीकर

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### भारतीय चिकित्सकों के लिए 'ग्रीन कार्ड' में लाए तेजी



अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों के एक प्रमुख संगठन के अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के बाद सरकार बनाने वाले अमेरिकी प्रशासन से आव्रजन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधारों को प्राथमिकता देने और भारत के चिकित्सा पेशेवरों के लिए 'ग्रीन कार्ड' जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया है। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। 'अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन' (एएपीआई) के अध्यक्ष डॉ. सतीश कथुला ने साक्षात्कार में कहा कि सभी लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करना, आव्रजन और वीजा, चिकित्सा में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, विविधता और भेदभाव का विरोध– ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अगले 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए। एएपीआई 1982 में स्थापित किया गया था। यह अमेरिका में भारतीय मूल के 1,20,000 से अधिक चिकित्सकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा जातीय चिकित्सा संगठन है। कथुला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे कई चिकित्सक हैं जिनके पास 15–20 साल से अमेरिका में रहने के बाद भी एच–1बी कार्य वीजा ही है।

## ऑफ बीट

### पश्चिम आस्ट्रेलिया में एक लाख साल पहले हुई थी वर्षा



पृथ्वी की सतह का लगभग छठा हिस्सा कुछ इस तरह की स्थलाकृति से ढका हुआ है, जिससे आप सब अपरिचित हो सकते हैं और वह चूना पत्थर से बना क्षेत्र है। यह प्राकृतिक मूर्तिकला पार्कों की तरह हैं, जिनमें हज़ारों वर्षों में पानी के प्रभाव के कारण काफी लंबे समय में बनी गुफाएं और भूभाग शामिल हैं। कार्स्ट (चूना पत्थर की स्थलाकृति) वाले क्षेत्र सुंदर और पारिस्थितिकी रूप से महत्वपूर्ण हैं। वे पृथ्वी के अतीत के तापमान और नमी के स्तर का रिकॉर्ड भी बताते हैं। हालांकि, यह पता लगाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है कि कार्स्ट असल में कब बने। साइंस एडवांस में आज प्रकाशित हमारे नए अध्ययन में, हम इन रहस्यमय स्थलाकृतियों की प्राचीनता का पता लगाने का एक नया तरीका प्रदर्शित कर रहे हैं, जो हमें हमारे ग्रह के अतीत को और अधिक विस्तार से समझने में मदद करेगा। कार्स्ट को पदार्थ के अपरदन द्वारा परिभाषित किया जाता है। आज हम जो बड़ी-बड़ी चट्टानें और गुफाएं देखते हैं, वे अतीत की वर्षाकालीन अवधि के दौरान पानी में घुलने के बाद बची रह गई हैं। यही कारण है कि उनकी आयु निर्धारित करना कठिन है। आप किसी चीज़ के गायब होने की तिथि कैसे निर्धारित करते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## कालिका उत्सव समिति की बनी पहचान



### प्रतिदिन सेवा भजन

सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति में वर्तमान अध्यक्ष वार्ड के पार्षद शरद सिन्हा, सचिव अशोक यादव, कोषाध्यक्ष देवेश देवांगन, कुंजलाल सिन्हा सहित काफी लोग इस समिति में जुड़े हुए हैं। जो 9 दिनों तक माता की आराधना में लगे हैं और प्रतिदिन रात्रि यहां सेवा गीत आयोजित करते हैं।

# 64 बरस से मां काली जैसी प्रतिमा!

हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि राजनांदगांव शहर में काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। यहां कई दशकों पुरानी सेवा उत्सव समितियां के द्वारा मां शक्ति की प्रतिमा सेवा पंडालों में स्थापित की जाती है। शहर में मां काली की प्रतिमा स्थापना ▶▶| शेष पेज 2 पर

### एक ही स्वरूप में प्रतिमा से आश्चर्य

सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति हमालपारा द्वारा लगभग 64 वर्षों से एक ही स्वरूप में मां काली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसे देखने वाले लोग भी आश्चर्यचकित हो जाते ▶▶| शेष पेज 2 पर



### पंडाल में ही होती है ज्योति कलश की स्थापना

*सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति के सेवा पंडाल में प्रतिवर्ष मनोकामना ज्योति कलश भी स्थापित की जाती है। इस वर्ष यहां 21 ज्योति कलश स्थापित की गई है, समिति की खास बात यह है कि यहां ज्योति कलश खुले रूप में ही पंडाल में प्रज्ज्वलित की जाती है और पंडाल में सेवादार 24 घंटे मौजूद रहते हैं।*



## इस बार शिव का बखान महाकाल व विश्वनाथ के एक साथ दर्शन

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

गंजपारा की सबसे पुरानी दुर्गोत्सव समिति में माता जगदम्बा स्थापना की गई है। गंजपारा दुर्गोत्सव समिति का माता प्रतिमा स्थापित किए जाने का यह 57वां वर्ष है। इस बार शिव महिमा की झांकी आकर्षण का केंद्र है। इसमें महाकाल की भस्म आरती, काशी विश्वनाथ और गंगा की चलित झांकी देखने को मिल रही है। इसके अलावा लाइटिंग आकर्षण का केंद्र है। गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के दीपक चोपड़ा और मनोज शर्मा ने बताया कि यह 57 वां वर्ष है। इसमें समिति द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। समिति के संरक्षक कमल नारायण रूंगटा, संतोष रूंगटा, संजय रूंगटा, चतुर्भुज राठी, राधेश्याम शर्मा, कृष्ण कुमार दुबे और सालिगराम दुबे हैं, जिनके मार्गदर्शन में युवा टीम आयोजन की तैयारी पूरी की गई है। आयोजक समिति के मनोज शर्मा ने बताया कि हमारी पांच पीढ़ियां इस समिति से जुड़कर दुर्गोत्सव का आयोजन करते आ रही है। हमारे बच्चे भी समिति से जुड़ चुके हैं। शुरूआत में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती थी। करीब 30 साल पहले झांकी तैयार करना शुरू किया।

### 10 लोगों ने शुरू की थी समिति आज 500 से ज्यादा सदस्य

पुरानी गंजमंडी में जिस जगह पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती है, वहां 57 साल पहले करीब 10 लोगों ने मिलकर दुर्गा प्रतिमा विराजित करने का निर्णय लिया, इसकी शुरूआत की। इसके साथ ही लोग जुड़ते गए और धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया। आज समिति में 500 से ज्यादा सदस्य हैं। दुर्ग शहर में सबसे आकर्षक दुर्गा प्रतिमा के साथ झांकियां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसिद्ध है। माता की प्रतिमा पिछले लंबे समय से नागपुर से तैयार होकर आती है। समिति ने इसे लेकर एक नियम ही बना लिया है।

### 50 साल से लगातार कवि सम्मेलन का आयोजन

दुर्गोत्सव समिति द्वारा पिछले करीब 50 सालों से लगातार कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कोरोनाकाल और भागवता कथा को छोड़कर हर साल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे देश के दिग्गज कवि अपनी कविताओं का पाठ करते हैं। स्थानीय हास्य कवि सुरेंद्र दुबे, शशिकांत यादव, कुमार विश्वास, शैलेश लोढ़ा जैसे कई बड़े कवि पुरानी गंजमंडी में कविता का पाठ कर चुके हैं। आयोजन समिति के सदस्य बताते हैं पिछले करीब 57 सालों में समिति से एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां जुड़ चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### सलमान की धांसू एंट्री से बिग बॉस-18 का आगाज

**मुंबई।** इंतजार की घड़ी बस खत्म हो गई। रविवार को बिग बॉस-18 का आगाज हो गया।



सलमान खान ने ब्लू शर्ट और ब्लैक सूट में धांसू एंट्री मारी। हर बार की तरह इस बार की भी थीम बहुत अलग है। बिग बॉस जानते हैं, होस्ट भी उनकी मानते हैं... इस बार टाइम का तांडव बनेगा।

### वेदांता के चेयरमैन अनिल को मातृ शोक

**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की मां का रविवार



सुबह मुंबई में निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। अग्रवाल (71) ने 'एक्स' पर पोस्ट में अपनी मां के निधन की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, आज, हमारी मां हमें छोड़कर मोक्ष यात्रा पर निकल गई।

## चेन्नई मरीना बीच पर रोमांचकारी प्रदर्शन देखने पहुंचे थे 16 लाख दर्शक

# एयर शो देखने उमड़ी भीड़, उमस और गर्मी से पांच की मौत, कई हो गए बेहोश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

*चेन्नई में भारतीय वायुसेना के एयर शो को देखने के लिए मरीना बीच पर रविवार को लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। लड़ाकू विमानों के रोमांचकारी प्रदर्शन का नजारा देखने के लिए दर्शक सुबह 8 बजे से ही एकत्र होने लगे थे। इस बीच, डिहाइड्रेशन और गर्मी की वजह से पांच लोगों की मौत हो गई। कई लोग बेहोश हो गए। करीब 230 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।*

भारतीय वायुसेना का मरीना तट पर रविवार को आयोजित 'एयर शो' हालांकि आकर्षण का केंद्र था लेकिन इसे देखने के लिए एकत्र हुए हजारों लोगों को कार्यक्रम के बाद घर लौटने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि इस दौरान पांच लोग बीमार हो गये और उनकी मौत हो गई। शहर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत समुद्र तट पर हुई जबकि चार अन्य की मौत आसपास के क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि ये सभी पांच लोग उन हजारों लोगों में शामिल थे जो 'एयर शो' देखने के लिए एकत्र हुए थे। इस बीच विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक प्रमुख ए.के. पलानीस्वामी ने इस घटना के लिए राज्य की द्रमुक सरकार की निंदा की और आरोप लगाया कि ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सुबह 8 बजे से जमा हो गई थी भीड़

एयरफोर्स ने मरीना बीच पर 16 लाख लोगों को इकट्ठा कर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की थी। इस दौरान पानी बेचने वाली कई दुकानों को आसपास से हटा दिया गया था। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस एयर शो के लिए सुबह 8 बजे से ही भीड़ जमा हो गई थी। शो शुरू होने तक सूरज की तपिश और गर्मी के कारण कई बुजुर्ग बेहोश हो गए।



### एयर शो का दिखा बेहतरीन नजारा

साफ आसमान के कारण भारतीय वायुसेना के विमानों द्वारा किए गए एयर शो का बेहतरीन नजारा देखने को मिला। रेतीले समुद्र तट पर एकत्र हुए लोगों ने दोपहर एक बजे शो के अंत में भारतीय वायुसेना के विमानों से हवाई फोटोग्राफी के लिए अपने छाते दिखाए। हवाई प्रदर्शन में लगभग 72 विमानों ने भाग लिया, जिसे 'लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया जाएगा। सुपरसोनिक लड़ाकू विमान राफेल समेत करीब 50 लड़ाकू विमानों ने एक साथ मिलकर आसमान में विभिन्न रंगों की चमक बिखेरी।




TVS 3 YEAR WARRANTY | TVS CREDIT | SHRIRAM Finance | IndusInd Bank | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत मुख्य डीलरः- रायपुर- सांई टीवीएस, फाफाडीह फोनः 9821661674 भारत टीवीएस जी.ई. रोड फोनः 9111499111 हीरा टीवीएस, तेलीबांधा फोन :8527434712 अव्यनि टीवीएस, लोधीपारा फोनः 9630098300. सांई टीवीएस, लालपुर फोनः 6262222900 सांई टीवीएस, आरंग फोनः 6262626001 दुर्ग- एस एस डी टीवीएस फोनः 8602816642. भिलाई - इशान टीवीएस, सुपेला फोनः 8871212121, 8602121212. सचदेव टीवीएस फोनः 7722909249, 9826122334 . एल सी के टीवीएस फोनः 7587093217. धमतरी- स्कूटर हाउस टीवीएस फोनः 8305690952. कांकेर- आयशा टीवीएस फोनः 9821660146. जगदलपुर- महावीर टीवीएस फोनः 9111001971, 224409. दंतेवाड़ा- बस्तर टीवीएस फोनः 9821661781. दल्ली-राजहरा- गुरूदेव टीवीएस फोनः 7303658472. महासमुंद- अजय टीवीएस फोनः 9179917004 8719850001. कोंडागांव- भारत टीवीएस फोनः 7786296611. बलौदाबाजार- कनिका टीवीएस फोनः 8979428844. कवर्धा - श्री गुरूनानक टी वी एस फोन : 9993309707, बेमेतरा - श्री अरिहंत टी वी एस फोन : 7000629201. अधिकृत डीलरः- राजिम-अरिहंत ऑटो फोनः 9826113240. गरियाबंद- डिकेश मोटर्स फोनः 8720000334. अभनपुर- श्री ओम ऑटो फोनः 9893369485. गोहरपदर- गणेश ऑटो केयर फोनः 8319380089. नवापारा- श्री कुशल ऑटो फोनः 8839487677. छुरा- पटेल ऑटोमोबाईल्स फोनः 8889994949. पखांजुर- बंगाल सायकल एंड ऑटो पार्ट्स फोनः 9425593572. चरामा- एन. सांई ऑटोमोबाईल्स फोनः 9039179813. केशकाल- हर्ष ऑटोमोबाईल्स फोनः 7000818373. तिल्दा-नेवरा - प्रतीक ऑटोमोबाईल्स फोनः 9300414173. दोंदेखुर्द- आर. एम. मोटर्स फोनः 9826133734. सुकुमा- पी.आर. ऑटोमोबाईल्स फोनः 9479011000. बागबहारा- खालसा ऑटो केयर फोनः 9300210400. कोमाखान- कनीज ऑटो केयर फोनः 9685864876. झलप - श्री बालाजी ऑटोमोबाईल्स फोनः 8839096897. भानुप्रतापपुर- सुभाष ऑटोमोबाईल्स फोनः 9755249656. बीरगांव- ओम श्री मोटर्स फोनः 9039358352. चंदखुरी फार्म -दिपक ऑटो फोनः 9754500040. मनपुरी - कुणाल ऑटोमोबाईल्स फोनः 9425516644. अबागढ़चौकी- भारत ऑटो फोनः 9827196076. डोंगरगाँव- भारत ऑटो फोनः 9827196076. पंडातराई- श्री सांई मोटर्स फोनः 8305728281. डोंगरगढ़- रेयांश ऑटो फोनः 7415344077. पंडरिया- ज्योति एजेंसी फोनः 9893592635. कतई- नवनीत मोटर्स फोनः 9981072555. पाटन- देव ऑटो फोनः 9981086462. गुरूर- गुरूदेव मोटर्स फोनः 9907796983. जुनवानी रोड - दर्श मोटर्स फोनः 7000414216. थानखम्हरिया - शुभम मोटर्स फोनः 8085529444. नागपुरा - अभि मोटर्स फोनः 9893237240. भाटापारा- इंडियन मोटर्स फोन- 9302622777. सिमगा- अवनीत मोटर्स फोन- 9300643500. कुरूद- भिलाई मोटर्स फोनः 8982652500. अण्डा- सिया मोटर्स फोनः 9893533628. रिसाली- नरेश मोटर्स फोनः 7898368258. बालोद- सौरभ ऑटोमोबाईल्स फोनः 9111151115. मोहला- शुभम मोटर्स फोनः 9399757956. बागबहारा- कोनेन ऑटो फोनः 9685864876. मानाबस्ती- मानि मोटर्स फोनः 8319025275. कुम्हारी- लक्ष्मी ऑटो फोनः 9770492802. बिजापुर- धनलक्ष्मी ऑटो फोनः 9399587930. नगरनार- श्री ऑटोमोबाईल्स फोनः 7606090102. बसना-अजय मोटर्स फोनः 7694994962, 8719850001खरोरा - प्रतीक ऑटोमोबाईल्स फोनः 8269934173. नगरी- डिकेश ऑटो फोनः 9981761572. बांदे- रामकृष्ण ऑटो फोनः 6267093399.

dentsu/hb rai/02/24

## जैकेट के शेष

### अभी भी वक्त है....

नीति का लाभ उठाते हुए समाज की मुख्यधारा में शामिल होने कहा। इस दौरान उन्होने जाबांज जवानों को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार भी दिया। मुठभेड़ को अंजाम देने वाले जवानों को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सम्मानित किया और उनको उपहार भी दिए।

### मारे गए नक्सलियों ....

गृहमंत्री विजय शर्मा, रामविचार नेताम और मंत्री केदार कश्यप यहां पहुंचे। उन्होंने जवानों की पीठ थपथपाते हुए उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा। गौरतलब है कि मुठभेड़ में जवानों ने कई शीर्ष नक्सलियों को मार गिराते हुए अभूतपूर्व साहस और शौर्य का परिचय दिया था। इस दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया गया, जिसमें 22 नक्सलियों की अब तक शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर 1 करोड़ 67 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इनमें डीकेएसजेडसी, डीवीसीएम, पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के सदस्य, डीकेएसजेडसी गार्ड, एरिया कमेटी सदस्य तथा एरिया कमिटी के पार्टी सदस्य कैडर समेत 22 की शिनाख्त की जा चुकी है। वहीं शेष 9 माओवादियों के शव की शिनाख्त कार्रवाई की जा रही है।

### गृहमंत्री ने कहा, केन्द्रीय ....

दंतेश्वरी का आशीर्वाद है आपने 31 माओवादियों को ढेर कर दिया और किसी भी जवान को खरोंच तक नहीं आई। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अबूझमाड़ एनकाउंटर में शामिल दंतेश्वरी महिला कमांडो, डीआरजी, सीआरपीएफ और सीएफ के जवानों को उनकी बहादुरी के लिए सलाम करते हुए उन्हें इस सफलता पर बधाई दी।

### यह रहे मौजूद...

नेताम, वन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर के अलावा बस्तर आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, एएसपी आरके बर्मन समेत पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### 2 लाख से 25 लाख ....

मण्डावी10 लाख, सुरेश सलाम उर्फ जानकू 8 लाख, मीना नेताम 8 लाख, महेश 8 लाख, अर्जुन उर्फ रंजीत 8 लाख, सुन्दर उर्फ कमलू 8 लाख, बुधराम मड़काम 8 लाख, मोहन मण्डावी 8 लाख, बसंती था 8 लाख, सोमे 8 लाख, जगनी कोर्राम 8 लाख, अनिल 8 लाख, जनीला उर्फ बुधरी 5 लाख, रामदेर 5 लाख, सुक्कु यादव 5 लाख, सुकलू उर्फ विजय उर्फ पण्डरू कोर्राम 5 लाख, सोहन उर्फ रोहन पदम 5 लाख, सोनू कोर्राम 5 लाख, जमली 5 लाख व फूलो उर्फ सुंदरी पर 2 लाख कुल 1 करोड़ 67 लाख का इनाम घोषित था।

### नक्सलवाद समाप्त करने ....

को समाप्त करने में सफलता पाई है, जिससे नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई को एक नई दिशा मिली है। बैठक में नक्सल ऑपरेशन, सुरक्षा बलों की उपलब्धियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। यह बैठक न केवल सुरक्षा बलों की रणनीति को सशक्त करेगी, बल्कि नक्सलवाद के समूल खात्मे की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी गति प्रदान करेगी।

### भविष्य की कार्ययोजना ....

की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक में भविष्य की कार्ययोजना और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के लिए आवश्यक कदमों पर भी निर्णय लिया जाएगा।

### रामलीला मंचन के ....

सीता के स्वयंवर के दृश्य का मंचन कर रहे थे, जिसमें उन्हें धनुष तोड़ना था लेकिन उन्हें सीने में दर्द अचानक महसूस हुआ और वे मंच के पीछे चले गए। वहां मौजूद उनकी पत्नी और बेटे ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। राहुल ने बताया कि एक घंटे बाद सुनील को मृत घोषित कर दिया गया।

### फेसबुक लाइव में टीटीई .....

अंदर से बंद था। पुलिस ने 5 से 7 मिनट तक आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, किन्तु दरवाजा नहीं खोला जा रहा था। श्री गुप्ता ने घटना की जानकारी एएसपी श्री कश्यप को दी। उनके निर्देश पर टीआई गुप्ता आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान महिला के पति अजय सिंह वहां पहुंच गए। टीआई गुप्ता ने उन्हें घटना की जानकारी दी। श्री सिंह चाबी से दरवाजा खोलकर अंदर गए और दरवाजा बंद कर दिया। वे रूम के अंदर गए तो वहां उनकी पत्नी फांसी के फंदे पर झूलती दिखाई दीं। उन्होंने फंदा खोलकर पत्नी को नीचे उतारा और बिस्तर में लेटाकर चीखते हुए बाहर निकले। उसके बाद पुलिस अंदर गई तो उनकी पत्नी बिस्तर पर लेटी हुई थीं। इसी दौरान एएसपी श्री कश्यप, सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या स्टाफ के साथ उनके घर पहुंच गए। एएसपी श्री कश्यप के निर्देश पर तत्काल श्रीमती सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतका का मोबाइल जब्त कर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### दिव्यांग कर्मचारियों को ....

की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में नीति बनाने और कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया। आदेश में लिखा गया है कि धारा 80 के तहत आयुक्त को अलग-अलग सक्षम व्यक्तियों के अधिकारों के हनन के संबंध में खुद से विचार करना होगा। दरअसल, सचिव नगरीय प्रशासन ने 12 सितंबर 2023 याचिकाकर्ता आरएसआई (सहायक राजस्व निरीक्षक) का तबादला नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला दुर्ग कर दिया था। इस आदेश को उन्होंने 21 अगस्त 2024 को चुनौती दी, जिसके तहत उसे वर्तमान पदस्थापना वाली जगह से हटाकर स्थानांतरित स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने कहा गया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे ने जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में पैरवी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को प्रारंभ में शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के तहत नगर पालिका परिषद बेमेतरा में भृत्य के पद पर नियुक्त किया गया था। वह 70 प्रतिशत चलने-फिरने में अक्षम है (एक हाथ पूरी तरह से कटा हुआ है)। राज्य शासन के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि स्थानांतरण आदेश एक वर्ष पूर्व जारी हुआ था और रिलीविंग आदेश जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने स्थानांतरण आदेश और रिलीविंग आदेश दोनों को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है।

**चार हफ्ते में होगा निराकरण** : सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को अभ्यावेदन प्राप्ति की तिथि से चार सप्ताह की अवधि में अभ्यावेदन का निराकरण करना होगा। कोर्ट ने कहा है कि दिव्यांग व्यक्तियों को यथासंभव उनकी पसंद के स्थानों पर तैनात किया जा सके इसकी व्यवस्था करनी होगी। कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि लंबी दूरी की यात्रा से बचने के लिए निवास से दूरी एक प्रासंगिक विचार हो सकता है।

### बैज बोले- सब ....

छत्तीसगढ़ में राज्य बनने के बाद भाजपा लोकसभा चुनाव में 9-10 सीटें लाती रही है। हम यहां 1-2 सीट ही जीतते रहे, यह तस्वीर हम नहीं बदल पाए, इसे समझना पड़ेगा।

0 पहले साल से ही सरकार के खिलाफ कांग्रेस की आक्रामक लड़ाई के क्या मायने हैं?

00 कांग्रेस में आपसी लड़ाई नहीं है। सरकार में काम ऐसे हो रहे हैं कि हमें सड़क पर आकर आक्रामक कदम उठाने पड़ रहे हैं बलौदाबाजार और कवर्धा जिले की लोहारीडीह की घटना को ही लें, इन मामलों में सरकार चाहती तो इन घटनाओं को रोक सकती थी। कांग्रेस विपक्ष में होने के नाते सरकार की कमजोरी को उठाने सड़क पर उतरी है।

0 आपने गिरौधपुरी से पदयात्रा की शुरुआत की, कवर्धा से क्यों नहीं, यह विरोधाभास कैसा?

00 कांग्रेस ने बढ़ते अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर आवाज उठाई। हम लोगों ने ब्लॉक से लेकर जिले तक सरकार को जगाने के लिए लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने इसके बाद कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस में नाराजगी जाहिर की, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया कि हम सरकार को जगाने पदयात्रा निकालेंगे। हमने लोगों के बीच जुड़ाव लाने गिरौदपुरी से यात्रा निकाली। यह यात्रा का समापन नहीं है, यह विराम है। आगे भी ऐसी यात्रा अन्य जगहों से भी निकलेगी। यात्रा के दौरान लोगों ने अपने विचार रखे। आवास योजना, महतारी वंदन योजना और पेंशन नहीं मिलने की शिकायतें भी हमारे पास आई हैं।

0 ऐसा कहा जाता है कि बलौदाबाजार की घटना कांग्रेस के कारण हुई। मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव जेल में बंद हैं?

00 बलौदाबाजार की घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ नहीं रहा। सरकार पूरी तरह कांग्रेस को बदनाम करने के लिए हमारे विधायक पर आरोप लगा रही है। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है कि न्याय होगा।

0 न्याय यात्रा में कितने लोग साथ चले और क्या-क्या परेशानी आई।

00 न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस की पूरी टीम हमारे साथ चल रही थी। 1500 से अधिक लोक स्थायी रूप से चले। यात्रा में चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव सहित कई नेता शामिल हुए। यात्रा के दौरान कई लोगों के पांव में छाले भी पड़ गए। बारिश और तेज धूप से गर्मी के कारण चलने में परेशानी भी हुई। जनता से जुड़ाव इस यात्रा में ठंडक देता रहा। मुझे पैदल चलने का बड़ा अनुभव है, इसलिए कोई परेशानी नहीं हुई।

0 पदयात्रा ने मुख्यमंत्री साय को हिलाया या दीपक बैज का कद बढ़ाया, क्या मानते हैं?

00 सरकार के खिलाफ सकारात्मक मुद्दों पर हमने यह यात्रा निकाली थी। जनता के सामने उनकी नाकामी सामने आने से यात्रा को लेकर सरकार डरी हुई थी। पूरी पार्टी हमारे साथ थी, सभी लोगों का सहयोग इस यात्रा में हमें मिला। यह अकेले मेरी यात्रा नहीं थी। पार्टी ने जनता के मुद्दों को लेकर निकाली।

0 बस्तर में नक्सली दफन होने जा रहे हैं, क्या कहना है आपका?

00 नक्सलियों को लेकर अमित शाह ने पहली बार नहीं कहा है। पहले भी 2014, 2016, 2018, 2020 और अब 2026 का टारगेट दे गए हैं। हो सकता है, आगे 2028 भी हो जाए। बस्तर में शांति हो, सभी चाहते हैं। वहां पर जो एनकाउंटर हो रहे हैं, उनमें आदिवासी न मारे जाएं, इसे देखा जाए। कांकेर में फर्जी मुठभेड़ हुई है, सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। आदिवासियों को जबरदस्ती जेल में डाला जा रहा है। ये सब बंद हो।

0 प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने से क्या फर्क पड़ा और इसे किस तरह से लेते हैं।

00 प्रदेश में जब आदिवासी मुख्यमंत्री बनने की बात आई थी तो मैंने उन्हें बधाई दी थी। यह भी कहा था कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन बचाने की चुनौती कम नहीं है। सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री रिमोट कंट्रोल से चल रहे हैं। यह सरकार दिल्ली से या नागपुर से, कहां से चल रही। प्रदेश में सरकार अरूण साव, विजय शर्मा, ओपी चौधरी या कौन चला रहा है, यही पता नहीं है। आदिवासी दिवस का प्रोटोकॉल जारी होने के बाद भी आदिवासी मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में किसके इशारे पर जाने से मना कर दिया, पता नहीं।

0 कांग्रेस में किस नेता की चल रही है? दीपक बैज या किसी और की?

00 कांग्रेस में सभी नेताओं की सलाह और चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाते हैं। यहां पर एकजुट होकर काम करने का प्रयास होता है। न्याय यात्रा की सफलता सभी नेताओं की सोच का नतीजा है। यहां पर सामूहिक रूप से निर्णय लेकर पार्टी विपक्ष की भूमिका बखूबी निभा रही है।

# महिला सरपंच को हटाने का आदेश रद्द, कोर्ट ने कहा- निर्वाचित प्रतिनिधि को हटाना गंभीर

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक गांव की महिला सरपंच को हटाने का आदेश रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निर्वाचित जन प्रतिनिधि को हटाने के फैसले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, खासतौर पर तब, जब मामला ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से संबंधित हो। कोर्ट ने यह भी कहा कि सबसे चिंता की बात यह है कि सरकारी अधिकारियों ने एक निर्वाचित प्रतिनिधि को हटाने में लापरवाही बरती। सुप्रीम कोर्ट ने विचखेड़ा ग्राम पंचायत की निर्वाचित सरपंच मनीषा रविन्द्र पानपाटिल की याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने इस मामले को इस बात का सटीक उदाहरण बताया जिसमें गांव के निवासी इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सके कि एक महिला को सरपंच के पद पर चुना गया है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि यह ऐसा मामला है जिसमें ग्रामीण इस वास्तविकता को स्वीकार नहीं कर सके कि एक महिला सरपंच उनकी ओर से निर्णय लेगी और उन्हें उसके निर्देशों का पालन करना होगा। पीठ ने 27 सितंबर को दिये आदेश में कहा, यह परिस्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है जब हम एक देश के रूप में सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के प्रगतिशील लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें सार्वजनिक कार्यालयों एवं सबसे महत्वपूर्ण रूप से, निर्वाचित निकायों में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व की कोशिश शामिल हैं। जमीनी स्तर पर ऐसे उदाहरण उस प्रगति को धूमिल करते हैं जो हमने हासिल की हो। शीर्ष अदालत ने रेखांकित किया कि यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि ऐसे सार्वजनिक पदों पर पहुंचने वाली महिलाएं काफी संघर्ष के बाद यह मुकाम हासिल करती हैं।



### महिला सशक्तिकरण की प्रगति पर असर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये हालात तब और भी गंभीर हो जाते हैं, जब हम देश के सरकारी ऑफिस, निकायों समेत सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जमीनी स्तर पर ऐसे उदाहरण हमारी किसी भी प्रगति पर भारी असर डालते हैं। बेंच ने यह भी कहा कि महिलाएं काफी संघर्ष के बाद ही ऐसे पब्लिक ऑफिस तक पहुंच पाने में सफल होती हैं।

### अधिकारियों को निर्देश संवेदनशील बनें

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि सरपंच के पद से उनका हटाया जाना बेहद गलत है। संबंधित अधिकारियों को खुद को संवेदनशील बनाने और अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है, ताकि अपीलकर्ता जैसी महिलाएं ग्राम पंचायत के सरपंच के रूप में अपनी सेवाएं देकर अपनी योग्यता साबित कर सकती हैं। पीठ ने कहा- पानपाटिल को पद से हटाने के लिए ग्रामीणों ने तिनके का सहारा लिया, जिसके चलते अलग-अलग लेवल पर सरकारी अधिकारियों के संक्षिप्त आदेशों से उनके विरोध को ताकत मिली।

### क्या है मामला


दरअसल, महाराष्ट्र के जलगांव में विचखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच मनीष रवींद्र पानपाटिल ने अपने खिलाफ हुए एक्शन पर याचिका लगाई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद उन्हें उनके पद से हटाने का आदेश दिया गया था। मनीष पर आरोप था कि वे सरकारी जमीन पर बने घर में अपनी सास के साथ रह रही थीं। पानपाटिल ने इस आरोप का खंडन किया। उन्होंने बताया कि वे अपने पति और बच्चों के साथ किराए के घर में अलग रहती हैं।

संजय राउत ने लगाया आरोप

## चुनाव प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का भाजपा करती है इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

.शिवसेना नेता संजय राउत ने शनिवार को दावा किया कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अपने चुनाव प्रचार के लिए विमान जैसी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रहे हैं और उन्होंने उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि भाजपा का केवल एक वर्ग ही मोदी को प्रधानमंत्री मानता है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन से जुड़ी 23,300 करोड़ रुपये की पहल की शुरुआत की। वह नांदेड़ हवाई अड्डे पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर से वाशिम गए।

**भाजपा के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग** : शिवसेना (यूबीटी) नेता ने प्रधानमंत्री और भाजपा के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि वे अपने चुनाव प्रचार के लिए विमान जैसी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### मोदी देश के नहीं भाजपा के प्रधानमंत्री

राउत ने कहा, "नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि भाजपा के एक वर्ग के प्रधानमंत्री हैं। उनके कई कैबिनेट सहयोगी और पार्टी नेता उन्हें प्रधानमंत्री नहीं मानते होंगे।" उन्होंने आरएसएस और भाजपा पर "वोट जिहाद" का फर्जी विमर्श फैलाने का भी आरोप लगाया।

बिहार : दर्दनाक हादसा

## नदी में नहाते एक ही परिवार के सात बच्चे डूबे, 5 की मौत

एजेंसी ▶▶| रोहतास

बिहार के रोहतास जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर है। यहां सोन नदी में नहाने गए 7 बच्चे नदी में डूब गए। घटना में 5 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि 2 बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मृतक सभी बच्चे एक ही परिवार के थे। बताया जा रहा है कि ग्रामीण और गोताखोरों की मदद से पुलिस 2 बच्चों की तलाश में लगी हुई है।

घटना के बारे में मिली जानकारी ये घटना रोहतास के तुंबा गांव की है। ग्रामीणों के मुताबिक, डूबने वाले बच्चों में 3 लड़कियां और 4 लड़के शामिल हैं। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए घटना को लेकर एक ग्रामीण ने बताया, आठों बच्चे सोन नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक एक बच्चा डूबने लगा। उसको बचाने के लिए सभी बच्चे गहरे पानी मे चले गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए हैं।

### सभी बच्चों की उम्र 8 से 12 साल के बीच

रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों में कृष्णा गोंड के 4 बच्चे शामिल हैं, जबकि एक बच्चा उनकी बहन का है। 2 अन्य बच्चे भी तुंबा के ही रहने वाले हैं। सभी बच्चों की उम्र 8 से 12 साल के बीच बताई जा रही है। स्थानीय एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने कहा, कृष्णा के 4 बच्चे और उनके रिश्तेदार के 3 बच्चे नहाने गए थे। नदी में अधिक जलस्तर होने के कारण डूब गए। दो बच्चों की तलाश की जा रही है।

प्रयागराज में 13 जनवरी से आस्था के सबसे बड़े महाकुंभ की शुरुआत

## महाकुंभ में मुसलमानों की एंट्री बैन! 8 अखाड़ों का फैसला- 'कुंभ में आईडी हो जरूरी'

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से आस्था के सबसे बड़े महाकुंभ की शुरुआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की बेवसाइट और लोगो भी लॉन्च कर दिया है। इसी बीच महाकुंभ में प्रवेश को लेकर 8 अखाड़ों के साधु संतों ने बड़ा ऐलान कर दिया है। प्रयागराज 8 अखाड़ों के साधु संतों ने बैठक के बाद ऐलान किया कि इस बार महाकुंभ में पहचान पत्र दिखाकर एंट्री दी जाए।



प्रयागराज के निरंजनी अखाड़े में हुई अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक में अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि 'महाकुंभ मेले में सिर्फ सनातनियों को ही प्रवेश दिया जाए। कोई भी मुखौटा लगाकर गलत तरीके से महाकुंभ मेले में प्रवेश कर सनातन संस्कृति और परंपरा को दूषित कर सकता है। इस खतरे से निपटने के लिए समय रहते मेला प्रशासन और सरकार को चौकन्ना रहना होगा'

### सिर्फ सनातनियों को ही दिया जाए प्रवेश

*दरअसल, साधु-संत नहीं चाहते कि महाकुंभ किसी भी तरह से अपवित्र हो। जिस तरह से लोग पहचान छुपाकर गरबा के कार्यक्रमों में दाखिल होते हैं, थूक जिहाद की कोशिश करते हैं। ऐसे में संतों की मांग है कि महाकुंभ मेले में सिर्फ सनातनियों को ही प्रवेश दिया जाए।*

### पहचान बताओ, डुबकी लगाओ

प्रयागराज में अगले साल होने वाले कुंभ को लेकर संतों ने मांग कि है कि आईडी प्रूफ के आधार पर ही लोगों को एंट्री मिले। महाकुंभ में लाखों-करोड़ों श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सभी की पहचान कर पाना मुश्किल है, लिहाजा संतों ने ये फैसला किया है कि स्नान करने के लिए आए लोगों को आईडी कार्ड दिए जाएं और जो स्नान करने आएंगे उन्हें अपनी पहचान बतानी होगी। अखाड़ा परिषद ने कहा कि चाहे अखाड़ों में है या अखाड़ों से संबंधित लोग हैं। जो भी महाकुंभ में आएंगे, उन सभी का आईडी प्रूफ होना जरूरी है। उनके पास आधार कार्ड होना जरूरी है।

### 'संत बनकर घूमते हैं मुस्लिम'

अखाड़ा परिषद ने कहा कि कई मामले ऐसे सामने आए हैं, जब लोग पहचान छुपाकर गरबा में दाखिल हो जाते हैं। उसकी तुलना में महाकुंभ काफी बड़ा धार्मिक आयोजन है। संतों का कहना है कि उन्होंने कई बार देखा है कि कुंभ में मुस्लिम लोग संत बनकर घूमने लगते हैं। इसलिए जरूरी है, जो भी प्रयागराज महाकुंभ में आए, उसकी जांच हो ताकि महाकुंभ की पवित्रता को बनाकर रखा जा सके।

## पेज एक के शेष

### 64 बरस से...

की शुरूआत सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति द्वारा की गई। वर्ष 1961 में शहर के मध्य गुड़ाखू लाइन में मां काली की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू हुआ, इससे पहले 1 वर्ष यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। 1960 से यहां पर मां शक्ति की आराधना सेवा पंडाल के माध्यम से की जा रही है। समिति के लोगों ने बताया कि यहां माता की प्रतिमा स्थापना की शुरूआत मोहल्ले के ही आमिर खान की अध्यक्षता में की गई। उस दौर में यहां समिति में कन्हैया बमबोला, बुद्धू राम यादव, किशुन पटेल, पुरुषोत्तम यादव, झाड़ू राम सिन्हा, गोपाल सिन्हा, मल्लू यादव, आशाराम यादव, कलिंद्राम पटेल,जगत जगदीश, राम प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, गोपाल तिवारी, मदन तिवारी सदस्य थे, जिनमें से अधिकांश लोग अब इस संसार में नहीं हैं।

**सामाजिक एकता ने शुरू की परंपरा** : समिति के अध्यक्ष शरद सिन्हा और कोषाध्यक्ष देवेश देवांग ने बताया कि वर्ष 1960 में यहां मां शक्ति की प्रतिमा स्थापना की शुरूआत सामाजिक सौहार्द के बीच हुई। यहां हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर प्रतिमा स्थापित करते थे और मुस्लिम समाज के कुछ लोग काफी सक्रियता से समिति से जुड़े हुए थे, जो माता की सेवा भजन में भी लीन रहते थे।

**पिता के बाद पुत्र बना रहे प्रतिमा** : मां काली की प्रतिमा हमाल पारा के ही सबसे पहले मूर्तिकार वासुदेव कालेश्वर के द्वारा बनाई जाती रही है। उनके स्वर्गवास होने के बाद अब उनके पुत्र राजू कालेश्वर मां काली की प्रतिमा बनाते हैं।

### एक ही स्वरूप में...

हैं। कई बार लोगों को ऐसा लगता है कि इस प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाता है, लेकिन समिति के द्वारा प्रतिवर्ष एक जगह से ही प्रतिमा बनवाने की वजह से इसका हुबहू स्वरूप नजर आता है।

### एयर शो देखने ....

वह इस तरह के महत्वपूर्ण आयोजन के लिए उचित व्यवस्था करने में विफल रही। सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों लोग कम से कम दो से तीन घंटे तक चिलचिलाती धूप में खड़े रहे और उनमें से कई ने खुद को बचाने के लिए छाते पकड़ रखे थे। 'एयर शो' पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच आयोजित किया गया था लेकिन ज्यादातर लोग कम से कम एक घंटे पहले ही कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम के दौरान कई लोग बेहोश हो गए और आपातकालीन कर्मचारियों ने उन्हें आश्रय स्थलों में देखभाल प्रदान की। निर्जलीकरण के लक्षणों के कारण 30 से अधिक लोगों को पास के सरकारी अस्पतालों में ले जाया गया। भारतीय वायुसेना के विमानों ने स्थानीय मरीना तट के आसमान में अपनी वायुशक्ति और युद्ध-कौशल का प्रदर्शन करते हुए यहां उपस्थित जनसमुदाय को रोमांच से भर दिया।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। तरक्की के योग भी बन रहे हैं।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की भाग-दौड़ बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। कारोबार पर भी ध्यान रखें। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह** — नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। संतान सुख में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। परिवार का सहयोग मलिगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। घरेलू समस्याएं बनी रहेंगी।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी में किसी विशेष प्रयोजन से स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। मन परेशान हो सकता है।

**धनु** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मन लगेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। आपसी मनमुटाव से बचने का प्रयास करें।

**मकर** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। तरक्की के योग बनेंगे।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मीन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

## शब्द पहेली - 5655

**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5654 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल 5666

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5665 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |


MARUTI SUZUKI ARENA
हर मील पर पाएं नवरात्रि का आशीर्वाद।
पाएं आकर्षक ऑफ़र्स मन की शांति के साथ।
महा बचत
WAGONR ₹61 100*
SWIFT ₹46 100*
ALTO K10 ₹64 100*
DZIRE ₹33 000*
S-PRESSO ₹64 100*
CELERIO ₹61 100*
BREZZA ₹33 000*
EECO ₹36 100*
^WORTH ₹ 5K GOLD COIN
UPGRADE from 2 WHEELER to 4 WHEELER
100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
SCAN TO CHAT WITH US
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. *Terms and conditions apply. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. ^Total offer is inclusive of Gold Coin offer applicable on Alto K10, S-Presso, Celerio, Swift and Brezza. Above offers are valid till 13th Oct, 2024.

# हाथ में दिखा काला पैच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से हैं। अभिनेत्री पिछले कुछ महीनों से लाइमलाइट से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी फैंस की नजरें अक्सर उन्हें ढूंढती रहती हैं। हाल ही में कैटरीना कैफ को मुंबई के कलीना एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां हमेशा की तरह अभिनेत्री खूबसूरत लुक में दिखाई दीं। कैटरीना अन्य बॉलीवुड स्टार्स के साथ एक नवरात्रि इवेंट में शामिल होने के लिए केरल के लिए रवाना हुईं, इस दौरान उन्होंने डिजाइनर तरुण तहिलियानी की खूबसूरत नारंगी साड़ी पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कैटरीना अपने जबरदस्त लुक्स के लिए वैसे ही सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन इस बार उनके चर्चा में होने की अलग वजह है।



## सुशांत की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत को झकझोर कर रख दिया

# मौत के बाद भी चर्चा में ये स्टार्स, नहीं भूल पा रहे हैं लोग

*मुंबई। सेलेब्रिटीज की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ हमेशा लोगों के बीच सुर्खियों में रहती है। वहीं कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं जो इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन उनकी मौत के बाद भी वह किसी न किसी वजह से चर्चा में बने हुए हैं। बॉलीवुड के कई सेलेब्स निधन के बाद भी अभी इसलिए खबरों में बने हुए हैं क्योंकि उनकी मौत की वजह आज तक रहस्य बनी हुई है तो वहीं कुछ की मौत के बाद भी फिल्में रिलीज हो रही हैं। कई सेलेब्स की असामयिक मौत हो गई है, जिससे लोग सदमे में हैं। आज तक हर कोई यह जानने का इंतजार कर रहा है कि आखिर उनके साथ क्या हुआ था। आज हम उन मशहूर सेलेब्स की लिस्ट लेकर आए हैं जो मौत के बाद भी चर्चा लोगों के दिलों में जगह बनाए हुए हैं।*



**श्रीदेवी :** अपने समय की बेहतरीन बॉलीवुड अभिनेत्रियों में से एक थीं। इस दिग्गज अभिनेत्री की अचानक हुई मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया। उन्हें दुबई के आलीशान होटल में पानी से भरे बाथटब में मृत पाया गया था। जबकि मामला दिल का दौरा पड़ने का बताया गया था, लेकिन वह काफी समय से किसी और वजह से भी चर्चा में हैं। जी हां, श्रीदेवी के गुजरने के बाद उनकी आखिरी फिल्म 'जीरो' रिलीज हुई थी। वहीं बोनी कपूर अपनी पत्नी श्रीदेवी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री बनाने का ऐलान कर चुके हैं, जिसकी वजह से वह चर्चा में रहती हैं।



**सुशांत सिंह राजपूत :** इस एक्टर की मौत की खबर ने पूरे मनोरंजन जगत को झकझोर कर रख दिया। 34 वर्षीय सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई अपार्टमेंट में आत्महत्या करने के कारण खबरों में छाए रहे। बाद में, बहुत से लोगों ने सुशांत की मौत को लेकर कई तरह के खुलासे किए और मामला बंद होने के बाद वह आज तक अपनी रहस्यमय मौत की वजह से चर्चा में हैं।




**सिद्धार्थ शुक्ला :** 'बिग बॉस 13' और 'खतरों के खिलाड़ी 7' के विनर रह चुके सिद्धार्थ शुक्ला के फैंस आज भी इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं। सिद्धार्थ आए दिन अपनी दोस्त शहनाज गिल के कारण चर्चा में रहते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला की 40 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक की वजह से गुरुवार को निधन हो गया।

**जिया खान :** 25 वर्षीय अभिनेत्री जिया खान 3 जून 2013 को अपने जुहू अपार्टमेंट में छत से लटकी हुई पाई गई थीं। ऐसी अफवाहें थीं कि उनके प्रेमी और अभिनेता सोराज पंचोली ने उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला और मामले को बंद कर दिया गया और एक्ट्रेस की मौत को आत्महत्या का नाम दे दिया गया, जिसकी वजह से वह आज भी चर्चा में हैं।



**दिव्या भारती :** अभिनेत्री दिव्या भारती ने वेरोस्वा में अपने अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, कई लोगों ने उनकी मौत को उनके पति द्वारा की गई हत्या बताया, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा और उनकी रहस्यमय मौत चर्चा का विषय बनी हुई है।



**ओम पुरी :** 6 जनवरी, 2017 को ओम पुरी की हार्टअटैक से मौत हो गई थी, जिसके बाद उनकी फिल्म 'ट्यूबलाइट' रिलीज हुई थी। लोग आज भी उन्हें भूल नहीं पाए हैं। ये 25 जून, 2017 को रिलीज हुई थी।



**इरफान खान :** बॉलीवुड का वो दिग्गज अभिनेता आज भी अपनी फिल्मों और किरदार के लिए लोगों के बीच चर्चा में हैं। इरफान का 29 अप्रैल, 2020 को निधन हो गया था। उनकी मौत के बाद उनकी फिल्म रिलीज हुई थी। वहीं इन दिनों वह अपने बेटी की वजह से खूब चर्चा में हैं क्योंकि वह हर इवेंट में अपने पिता के बारे में बात करते नजर आते हैं।

# ओटीटी पर भी होगा अक्षय और जॉन का क्लैश..

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के बीच क्लैश के किस्से तो खूब सुने होंगे। लेकिन अब ओटीटी पर भी मूवीज के बीच भिड़ंत देखने को मिलती है।



इस कड़ी में नया नाम सुपरस्टार जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का शामिल हो रहा है, जो अक्षय कुमार की इस फिल्म के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। खास बात ये है कि वेदा एक अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि वेदा ओटीटी पर कब और कहां ऑनलाइन स्ट्रीम होने वाली है। बीते 15 अगस्त सिनेमाघरों में तीन फिल्में रिलीज हुईं थीं, जिनमें स्त्री 2, खेल खेल में और वेदा शामिल थीं। बेशक बॉक्स ऑफिस पर वेदा कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। लेकिन अपनी कहानी और दमदार एक्शन सीक्वेंस से इस मूवी ने हर किसी को इंप्रेस किया।

# निया ने प्रीमियर से पहले दिया झटका


*मुंबई। विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 18 का पिछले काफी समय से बज बना हुआ है। शो में टीवी की एक क्वीन के आने की चर्चा थी, जिसने उनके फैंस को एक्साइटेड कर दिया था। हालांकि, अब उन्होंने खुद आने से इनकार कर दिया है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा की। निया शर्मा को लेकर चर्चा थी कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने जा रही हैं। जब से यह न्यूज सामने आई है, उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं था। यही नहीं, खतरों के खिलाड़ी 14 के ग्रैंड फिनाले में रोहित शेट्टी ने भी हिंट दिया था कि निया बिग बॉस में जा रही हैं। मगर ग्रैंड प्रीमियर से पहले निया ने सबकुछ साफ कर दिया है। निया शर्मा बिग बॉस 18 का हिस्सा नहीं बनने वाली हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो में शामिल न होने की जानकारी दी है और फैंस को सॉरी बोला है। एक्ट्रेस ने स्टोरी में सॉरी लिखते हुए कहा, फैंस और शुभचिंतको के लिए जिन्हें मैंने निराश किया है। सॉरी।*



## सल्लू की फीस 250 करोड़ रुपए

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक वक्त था जब 100 करोड़ की कमाई एक बेंचमार्क माना जाता था। वक्त बीता और आज किसी ठीक-ठाक फिल्म की लागत ही 100 करोड़ रुपए होती है। फिर सुपरस्टार्स ने फिल्मों के लिए 100 करोड़ रुपए फीस चार्ज करना शुरू कर दिया और आज के वक्त में टीवी शोज में इतना पैसा कुछ ही एपिसोड में खर्च कर दिया जाता है। सलमान खान को बिग बॉस का यह सीजन होस्ट करने के लिए सिर्फ 6 हफ्तों में इतनी फीस का भुगतान किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान एक महीने के लिए 60 करोड़ रुपये फीस चार्ज कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी में सलमान का ना होगा यह साबित कर गया है कि उनके होने से शो की टीआरपी में चार चांद लग जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक अगर यह सीजन 15 हफ्ते भी चलता है तो मेकर्स को इसके लिए सलमान खान को तकरीबन 250 करोड़ रुपए फीस चुकानी होगी।





# जरा भी नहीं संभाल पाईं भारी-भरकम लहंगा

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर ने नई दिल्ली में रैंप वॉक किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके कई वीडियोज और फोटोज सामने आईं। हालांकि, फैंस ने देखा कि भले ही वह खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन वह रैंप पर ठीक से नहीं चल पा रही थीं। इस दौरान श्रद्धा ने बीडवर्क और कढ़ाई वाला क्रीम कलर का लहंगा पहना था। एक पपाराजी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें श्रद्धा रैंप वॉक कर रही हैं, फिर वो मुस्कुराती हैं और अलग-अलग पोज देती हैं लेकिन जिस बाक पर लोगों ने ध्यान दिया वो कुछ और ही थी। श्रद्धा कपूर वॉक करते वक्त लड़खड़ा रही थीं और साफ दिख रहा है कि उन्हें चलने में दिक्कत हो रही है। इस पर रिएक्शन देते हुए एक यूजर ने कहा- वह हमेशा की तरह शानदार लग रही हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें उस लहंगे में चलने में दिक्कत हो रही है। एक ने लिखा- उस ड्रेस में या शायद उनके जूते में कुछ अजीब है। वो चल नहीं पा रहीं। एक फैन ने कहा- जिस तरह से उन्होंने 20 किलो का लहंगा संभाला है, वो कमाल है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने कहा- वह आराम से चल नहीं पा रहीं, उनके चेहरे के हाव-भाव सब कुछ बयां कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा- उन्होंने रैंप पर डांस किया था लेकिन समस्या लहंगे में है, यह नीचे से भारी है और उन्होंने इसके लिए प्रैक्टिस नहीं की।



# 63 साल में भी फैंस की बढ़ाई धड़कनें...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त गुजारा है। उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों में काम किया है। अब वो उम्र के एक पड़ाव पर हैं, लेकिन फैंस का कहना है कि वो वक्त के साथ जवान होते जा रहे हैं। उनका नया वीडियो भी कुछ यही गवाही दे रहा है। सुनील शेट्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो नए हेयर कट और हेटर स्टाइल में नजर आ रहे हैं। अपने लुक से उन्होंने सबका दिल चुरा लिया है। इस वीडियो पर फैंस के खूब कॉमेंट्स आ रहे हैं। हर कोई यही कह रहा है कि 'अन्ना' की उम्र वक्त के साथ बढ़ने की बजाय घटती जा रही है। एक ने लिखा, 'इस उम्र में भी हैंडसम।' दूसरे ने मजाकिया अंदाज में कॉमेंट किया, 'अंजलि से मिलने जाना है शायद'।

## टीवी मसाला



# राजा बाबू बनकर कृष्णा ने की गोविंदा की मिमिक्री

**मुंबई।** कृष्णा अभिषेक को आपने कई बार अपने मामा गोविंदा के स्टाइल का डांस करते देखा होगा या उनके बारे में जिक्र करते हुए देखा होगा। लेकिन अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो में वह मामा गोविंदा की मिमिक्री करते दिखेंगे। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का वीडियो सामने आ गया है जिसमें दिखा कि कपूर सिस्टर्स यानी कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर नजर आईं। कृष्णा इस दौरान गोविंदा के अवतार में नजर आते हैं।

दरअसल, गोविंदा और करिश्मा साथ में कई फिल्म में काम कर चुके हैं। कृष्णा, गोविंदा के राजा बाबू के लुक में आते हैं और करिश्मा के साथ डांस करते हैं। हालांकि इस दौरान कपिल उन्हें चेतावनी भी देते हैं कि इस दौरान गोविंदा को किसी बात का बुरा ना लगे। वह कहते हैं कि ध्यान से, ओरिजनल वाले ना देख लें। इस पर कृष्णा कहते हैं कि गाली खाऊंगा घर पर आज। बता दें कि हाल ही में गोविंदा को गोली लगी थी। उनसे खुद गलती से अपने पैर पर गोली चल गई थी जिसके बाद वह अस्पताल में भी भर्ती रहे थे। इस दौरान कश्मीरा उनसे मिलने भी गई थीं अस्पताल में। लेकिन कृष्णा क्योंकि काम से बाहर थे तो वह नहीं गए। अब गोविंदा घर पर हैं और आराम कर रहे हैं।

# पति के कपड़े पहना करती हैं पसंद


**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली चर्चित कपल में से एक हैं।



दोनों एक दूसरे के पास आ रहे हैं। अपने पति विराट कोहली को लेकर अनुष्का शर्मा ने कहा कि वह अपने पति के कपड़े पहनती हैं और वह ऐसा करके काफी अच्छा महसूस करती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अनुष्का शर्मा ने बताया, 'मैं सच में विराट के कपड़े उधार लेती हूं, ज्यादातर टी-शर्ट। कभी-कभी मैं सिर्फ उनकी जैकेट ले लेती हूं। कभी-कभी मैं ऐसा सिर्फ इसलिए करती हूं क्योंकि जब मैं उनके कपड़े पहनती हूं तो उन्हें भी बहुत खुशी होती है'।

# दुकान पर आए सेलिब्रिटी को देख चढ़ा जेठालाल का पारा

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अब तक आपने देखा कि बाघा के पास एक मैसेज आता है। मैसेज में लिखा होता है कि जेठालाल की दुकान पर एक बड़ा सेलिब्रिटी आने वाला है। उस सेलिब्रिटी के स्वागत की तैयारियां करके रखना। बाघा ये मैसेज जेठालाल को बताता है। जेठालाल बाघा से कि उनके स्वागत की सारी तैयारियां करके रखने को कहता है। हालांकि, आज जब जेठालाल को पता चलेगा कि उसकी दुकान पर कौन सा सेलिब्रिटी आया है, उसे देखकर जेठालाल का पारा चढ़ जाएगा। सेलिब्रिटी आंखों से चश्मा और चेहरे से मास्क हटाएगी। मास्क हटते ही जेठालाल को झटका लगेगा। जेठालाल की दुकान पर आनेवाली सेलिब्रिटी कोई और नहीं बल्कि बावरी होगी। उसे देखकर जेठालाल का पारा चढ़ जाएगा। वो बाघा से कहेगा कि इससे पूछ ये क्या नौटंकी है।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**कस्टमर केयर वर्क**

Requirment- Required Female Customer Care Executive, Graduate in any discipline with 01 Year Computer Experience in MS Excel & Word. Salary up to 15K based on Experience. Send your CV on WhatsApp 8962558417.(RO-A)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एंव दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे (RO-318)

**डिजाईनर**

आवश्यकता है- कोरल ड्रा, फोटोशॉप के जानकार डिजाईनर स्टाफ की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार, संपर्क- सत्या फ्लैक्स, चरोदा, भिलाई, मो. नं. 9098701502, 9329665817, 626708559. (RO-6957)

**देखरेख कार्य**

आवश्यकता है- नगपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता तथा फैमिली वाला चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क:-94255-14500, 97541-44001.(आरो न.-594)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**फिटर/हेल्पर**

आवश्यकता है
रायपुर रिश्ता लोहा बाज़ार में
2 सुपरवाइज़र
4 वेल्डर, 6 हेल्पर,
2 टर्नर, 1 कटर,
4 फिटर
की आवश्यकता है
सम्पर्क करें
9893070113

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार (बीएमडब्ल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचनाः- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तकः- 9340730994.(RO-19)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**अन्य**

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्कः- 9205219535.(RO-3011)

आवश्यकता है- Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियों कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9155382119, 7050656611.(RO-488)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- भारत की नंबर-1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call करें:- 8101180949, 6297110215. (RO-3029)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Education शिक्षण**

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एव 800 वर्गफुट एव रायपुरा 750 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3032)

मकान बेचना है- मकान दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008.(आरो-598)

मकान बेचना है- शहर के प्राईम लोकेशन तालपुरी भिलाई में (मोंगरा) हवादार, तीनों तरफ से खुला, मेन रोड पर बेचना है। सपंर्क :-7470642623. (आरो -597)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - बेस्ट इन्वेस्टमेंट प्लाट ही प्लाट दुर्ग के प्राइम लोकेशन पुलगांव लक्ष्मी मार्केट से मात्र 6km दूरी पर 421रु.fit में रजिस्ट्री फ्री ,चंदखुरी हनोदा मार्ग से लगा 40fit रोड में लगा हुआ प्लाट 550रु.fit में डायवर्सन फ्री तुरंत मकान बनाकर रहने लायक जल्द कीजिए प्लाट सीमित संपर्कः- 9770047215, 6260058087. (आरो न.-1803)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- 2000 वर्गफुट(50x40) हॉल कोचिंग ऑफिस, गोदाम सीएंडएफ, वेयरहाउस हेतु पार्किंग सुविधायुक्त किराए पर देना। अपोजिट मंडीगेट, नीयर बंसल पब्लिक स्कूल, पंडरी रायपुर. 9301128678, 7974570771.(RO-311)

**Purchase खरीदना**

खरीदना है- बीएसपी लीज कॉर्नर क्वार्टर सेक्टर 2 में. रेंट वाले भी संपर्क करें। संपर्क :-7999195788. (आरो -596)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार बनाने का झांसा देकर 29 लाख की ठगी

**भिलाई।** नायब तहसीलदार के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहलाई दुर्ग निवासी किसान नोखेलाल सिन्हा ने शिकायत किया है कि ग्राम मोहंदी निवासी रेखराज खेलवार और उसकी पत्नि भारती खेलवार ने सीजी पीएससी के माध्यम से नायब तहसीलदार के पद पर सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 29 लाख 50 हजार रुपए का ठगी किया है। घटना वर्ष 2014-15 के मध्य रेखराज खेलवार से जान पहचान हुई थी। रेखराज खेलवार अपनी पत्नी भारती खेलवार के साथ पीड़ित के घर आना जाना करते थे। दोनों पति पत्नी ने सीजीपीएससी से नायब तहसीलदार के पद पर नौकरी लगवा देने का झांसा दिया। इसमें 30 से 35 लाख रूपये का डिमांड किया गया।

### होटल प्रोजेक्ट के नाम पर 60 लाख की ठगी

**भिलाई।** महिला डॉक्टर को होटल प्रोजेक्ट का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रिम्स अस्पताल गोढी थाना मंदिर हसौद रायपुर के एचओडी डॉ वीनिता गुप्ता वर्ष 2014 से मई 2023 तक नेहरू नगर कुबैर इन्क्लेव में निवास करती थी। श्री शंकरा मेडिकल कलेज जुनवानी भिलाई मे कार्यरत थी। तब सिद्धार्थ गौडा ने होटल प्रोजेक्ट का प्रलोभन देकर तीन किस्तों में डॉ से 60 लाख रूपये का ठगी किया है। सिद्धार्थ से ड़ॉ की पहचान वर्ष 2023 में अनमोल होरा के माध्यम से हुई थी। आरोपी सिद्धार्थ बातचीत कर हैदराबाद के एक होटल प्रोजेक्ट की जानकारी दी थी। जहां रुपए इन्वेस्ट कर अच्छी इनकम का झांसा दिया था। 10 मई 2024 को हैदराबाद सिद्धार्थ से मिलने पीड़िता गई थी।

### तेज रफ्तार में बस चलाने से मना किया तो बाइक सवार को पीटा

**बालोद।** तेज गति से लापरवाही पूर्वक बस चलाने से मना करने पर बस ड्राइवर और दो अन्य लोग एक बाइक चालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इन दिनों जिला मुख्यालय के गंजपारा से लेकर दल्लीराजहरा रोड कोतवाली थाना तक बस चालकों की भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। शहर में भीड़भाड़ अधिक होने और व्यस्ततम मार्ग होने के बाद भी बस चालकों द्वारा तेज रफ्तार में गाड़ी चलाई जाती है। वहीं, तेज रफ्तार से छोटे वाहनों के बेहद नजदीक से होकर गुजरने के कारण इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है और कई बार दुर्घटना भी हुई है।

# कुसुमकसा में डेंगू की दस्तक, 7 पीड़ितों में से कुछ स्वस्थ, कुछ का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

इन दिनों कुसुमकसा के लोग अपने तथा अपने परिवार वालों के स्वास्थ्य को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल कुसुमकसा में कुछ ही दिनों में डेंगू के लगभग 7 मरीज मिले हैं। इनमें से कुछ लोग निजी अस्पतालों में उपचार करवा कर स्वस्थ होकर वापस आ गए हैं, तो वहीं एक-दो पीड़ित बड़े शहरों के अस्पतालों में भर्ती होकर अभी भी उपचार करा रहे हैं।

इस बीच लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ ही मितानिन भी घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पूरा कपड़ा पहनाकर रखने, गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी लगाकर सोने

**खास बातें**

- स्वास्थ्य विभाग के साथ मितानिनें घर-घर जाकर ले रहीं लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी
- डेढ़ माह पहले बड़े पैमाने पर डायरिया के संक्रमण के बाद एक बार फिर संकट



### अगस्त में फैला था डायरिया

गौरतलब है कि ग्राम कुसुमकसा के क्रांति चौक, पिस्दापारा में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या की बढ़ते देख 26 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अटल समरसता भवन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप छह दिनों तक लगाया था। उन दिनों डायरिया के लगभग 90 मरीजों का उपचार किया गया था। उस समय भी मितानिनों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ डायरिया प्रभावित क्षेत्र के घर-घर जाकर पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य, खानपान, साफ सफाई की जानकारी लेते रहे। वहीं, डायरिया से पीड़ित एक ग्रामीण उन्नेराम की उपचार के दरम्यान जिला अस्पताल बालोद में मौत हो गई थी।

सहित घर के कूलर सहित अन्य जगह में पानी का जमाव नहीं होने देने सहित स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। यहां डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बस स्टैंड के आसपास घरों में सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण टीम में स्वास्थ्य विभाग की निर्मला साहू (सुपरवाइजर) पुष्पा सपाटे, तामेश्वर भुआर्य सहित मितानिन अमृता बाई, सरस्वती, रूपा सिन्हा, पदमा ध्रुवे, द्रौपदी बाई, कुलेश्वरी धुर्वे, गिरजा बाई, बुधियारिन, रमशीला उपस्थित थीं। इस बीच विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.डी विजय कुमार ठाकुर ने भी कुसुमकसा पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों व मितानिनों को घर-घर जाकर डेंगू पीड़ितों की जानकारी लेने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कार्रवाई : तेल की आड़ में ट्रक व कार से मादक पदार्थ की तस्करी**

# 24 घंटे में 3 स्टेट के 4 तस्करों को किया गिरफ्तार, 88 लाख का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम के तहत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंतराल में अवैध गांजा की तस्करी कर रहे महाराष्ट्र, बिहार व यूपी स्टेट के चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों के कब्जे से वाहन समेत 1.10 करोड़ से अधिक का गांजा बरामद किया गया है। ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस द्वारा ट्रक समेत दीप जलाने वाले तेल की आड़ में गांजा की तस्करी कर रहे तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर व आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में नगरनार थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत हुई कार्रवाई, भेजा गया जेल

गांजा तस्करी की सूचना पर ओडिशा बार्डर में एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 13 डीक्यू 2937 को रोककर तलाशी ली गई। पुलिस को चकमा देने दीप जलाने वाले तेल के 105 कार्टून के बीच में गांजा को छुपाकर तस्करी की जा रही थी। लेकिन



पुलिस की नजर से तस्कर बच नहीं पाए। मौके से नगरनार पुलिस ने 804.805 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया जिसका बाजार मूल्य करीबन 80 लाख 48 हजार रुपए आंका गया है। वहीं मारूती स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक बीआर 01 डीपी 8253 से गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों के कब्जे से 81.5 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 8 लाख 10 हजार रूपए आंका गया है। गांजा के अलावा तस्करों के कब्जे से दीप जलाने का तेल कीमत 1 लाख 5 हजार रूपए, ट्रक कीमत 15 लाख रुपए, स्वीफ्ट कार कीमत 5 लाख रूपए, मोबाइल व नकद समेत कुल 1 करोड़ 10 लाख 5 हजार रुपए की संपति जब्त किया गया। प्रेसवार्ता में सीएसपी उदित पुष्कर व आकाश श्री श्रीमाल ने बताया कि गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख), (ग) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

24 घंटे के अंतराल में तीन राज्यों के चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनमें सुहाष कुमार क्षीरसागर व सोमनाथ विजय चौरे 26 साल निवासी थाना बारसी जिला सोलापुर महाराष्ट्र के अलावा अमित सिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम नरैली पोस्ट छाता थाना दुर्गावती जिला भभुआ बिहार व प्रिंस यादव 21 वर्ष निवासी ग्राम जिगना पोस्ट सिसौदा कला थाना धीना जिला चंदौली उत्तर प्रदेश शामिल है। त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई सतीश तिवारी, दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, खेदूराम ठाकुर, आरक्षक यशवंत ध्रुव, डीएसएफ आरक्षक भास्कर भारद्वाज, जोगेश्वर कश्यप व सैनिक जगन्नाथ नाग की अहम भूमिका रही।

# ग्रामीणों से भरी पिकअप वाहन हादसे का शिकार, दो दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

जिला प्रशासन की समय-समय पर की जाने वाली कार्यवाही और समझाईश के बाद भी वाहन चालकों तथा लोगों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसके कारण लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं और लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर या तो अपनी जान गवां रहे है यां फिर अपने हांथ पैर तुड़वाकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा रविवार की सुबह स.लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बचेड़ी से सामने आया है। जहां ग्रामीणों से भरी एक माल वाहक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें करीब दो दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं इन घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स. लोहारा में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 7.30 बजे एक मालवाहक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 09 जेपी 8312 जेपी में करीब 30 ग्रामीणों को भरकर स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम चचेड़ी के रास्ते होकर कहीं जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक की लापरवाही से चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई और घटना की सूचना तत्काल लोगों ने डॉयल 108 तथा डॉयल 112 को दी गई।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, 3 लोग घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में ग्राम भूकेल के पास बाइक में सवार परिवार को ट्रक ने टक्कर मार दिया। घटना में बेटे की मौत हो गई, वहीं पति-पत्नी और बेटी घायल हो गए। घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भूकेल के पास की है। पुलिस ने एक्सीडेंट के इस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 5 अक्टूबर को विपिन बेहरा अपनी पत्नी सविता बेहरा, बेटी नेहा और बेटे आशिक बेहरा के साथ अपनी मोटर सायकल क्र ओडी 17 सी 3706 से ग्राम अंसुला(सांकरा) से पैकिन जा रहे थे। ग्राम भूकेल के पास पहुंचने पर रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्र सीजी 04 जेडी 4739 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाकर विपिन बेहरा के मोटर सायकल पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड, रसमड़ा, दुर्ग के द्वारा 132 के.वी.डी.सी.एस.एस. ई.एच.टी. पारेषण लाइन का निर्माण किया गया है। यह लाइन 132/33 के.वी रसमड़ा उपकेंद्र से सरकारी भूमि एवं रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र से गुजरते हुए हमारे संस्थान तक आ रही है। उक्त पारेषण लाइन को दिनांक 07.10.2024 को या उसके बाद किसी भी दिन को ऊर्जिकृत (चालू) कर दिया जायेगा।

अतः इस सूचना के माध्यम से उपरोक्त ग्रामों व आस पास के ग्रामवासियो, जनसमान्य को आगाह किया जाता है कि उक्त लाइन एवं टावरो से आवश्यक दूरी बनाए रखते हुए किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न करते हुए विद्युत दुर्घटना का बचाव करते हुए विद्युत मण्डल / संस्थान को सहयोग प्रदान करे।

विद्युत कि बचत कीजिये

आर. एस. पाण्डेय.
महाप्रबन्धक
मानव संसाधन विभाग रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड, रसमड़ा, दुर्ग

## चंडी मंदिर में पहुंच रहे भालू, बढ़ा खतरा



**महासमुंद।** इन दिनों क्वांर नवरात्रि पर शक्तिपीठ चंडी मंदिर घुंचापाली में श्रद्धालु की भारी भीड़ देखी जा रही है। साथ ही पहाड़ी में मौजूद जंगली भालुओं के परिवारों का यहां प्रसाद खाने आना भी लोगों के बीच कोतुहल का कारण बना हुआ है। भालुओं को नजदीक से देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। कई लोग भालुओं के बिलकुल नजदीक जाने की कोशिश करते हैं, जो कि उनके खतरनाक हो सकता है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की डिमांड, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** अश्लील फोटो और वीडियों को वायरल करने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी रोशन जैन ने शिकायत किया है कि भतीजी के मोबाइल पर पांच लाख रुपए का डिमांड का मैसेज कर अश्लील फोटो और वीडियों वायरल करने की धमकी दिया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी के मोबाइल नंबर का सीडीआर और कैफे प्राप्त किया गया। जिसमें सिम विक्रेता शुभम निर्मलकर एयरटेल रिटेलर का होने की जानकारी मिली। पतासाजी कर शुभम की जानकारी लगने पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि बैजनाथ पारा दुर्ग निवासी सत्यम श्रीवास्तव को 45 फर्जी सिम देना स्वीकार किया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

# शिवप्रसाद तथा रघुनाथ साहू की मौत के संबंध में लोगों द्वारा पेश नहीं किए गए कोई साक्ष्य

- मृतकों के परिजन भी नहीं आए साक्ष्य व जानकारी देने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर 2024 को स्थानीय निवासी शिवप्रसाद साहू की मृत्यु उपरांत घटित आगजनी में रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकारी जांच के लिए अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री साहू ने अपनी जांच को गति देना और जांच को पूरा करने जांच जांच बिन्दु निर्धारित कर घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्तियों 24 सितंबर 2024 से 04 अक्टूबर 2024 तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर पूर्वान्ह 11 बजे से सांय 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 17 में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करने कहा था। जिसकी निर्धारित तिथि बीते




शनिवार को पूरी हो चुकी है। लेकिन जानकारी के मुताबिक इन 11 दिनो की समयावधि में शासन द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी जांच अधिकारी श्री साहू के समक्ष घटनाक्रम के संबंध में कोई भी व्यक्ति लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करने उपस्थित नहीं हुआ है। हालांकि अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री साहू द्वारा जारी अपील में प्रशांत साहू की मौत को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया था। आरोप है कि प्रशांत की मौत जिला जेल में पुलिस प्रताड़ना तथा मारपीट से हुई थी। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर शिवप्रसाद तथा रघुनाथ साहू की मौत की न्यायिक जांच में सहयोग के लिए मृतक के परिजनो ने भी रूचि क्यों नहीं दिखाई और इनसे संबंधित साक्ष्य दंडाधिकारी जांच अधिकारी के समक्ष क्यों पेश क्यों नहीं किए?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंडिगो कंपनी का परिचालन रविवार को हुआ सामान्य




**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो का परिचालन रविवार को सामान्य हो गया। एक दिन पहले शनिवार को एयरलाइन में गड़बड़ी के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा था। एयरलाइन प्रतिदिन 2,000 से अधिक उड़ानों का परिचालन करती है। अधिकारी ने कहा कि अब परिचालन सामान्य है।

### बंधन बैंक का कारोबार सितंबर तिमाही में 24.6 प्रतिशत बढ़ा

Bandhan Bank

**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक का कुल कारोबार चालू वित्त वर्ष (2024-25) की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 24.6 प्रतिशत बढ़ा है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। कुल कारोबार सितंबर तिमाही में 24.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2,73,163 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,19,712 करोड़ रुपये था।

### एसबीआई ने एमटीएनएल ऋण खाते को फंसा कर्ज बताया

SBI

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कर्ज में डूबी कंपनी एमटीएनएल के ऋण खातों को 30 जून से किस्तों और ब्याज का भुगतान न करने के कारण कमतर मानक वाला गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित किया है। सरकारी दूरसंचार कंपनी ने जानकारी दी। 30 सितंबर तक एमटीएनएल ऋण खाते पर कुल बकाया 325.52 करोड़ रुपये था।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सरसों की निरंतर बिकवाली करने के कारण देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर स्थानीय मांग से सोयाबीन तिलहन, ऊंचे दाम और नयी फसल की बढ़ती आवक के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी समीक्षाधीन

### पूंजीकरण में रिलायंस इंडस्ट्रीज को नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 4,74,906.18 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,883.4 अंक या 4.53 प्रतिशत नीचे आया।

### स्विगी की 10 मिनट में खाना पहुंचाने की 'बोल्ट' सेवा शुरू




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला मंच स्विगी ने 10 मिनट में खाद्य और पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाली सेवा 'बोल्ट'' शुरू करने की घोषणा की। स्विगी अपना आईपीओ लाने वाली है। यह सेवा छह प्रमुख शहरों- हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में प्रमुख स्थानों पर पहले से ही परिचालन में है। आने वाले कुछ सप्ताह में इसे और जिलों में लाया जाएगा। बोल्ट उपभोक्ता के दो किलोमीटर के दायरे में चुनिंदा रेस्तराओं से त्वरित भोजन वितरण सेवा प्रदान करता है।

# कार कंपनियों की निगाहें त्योहारी सत्र पर, बिक्री बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र 'ओणम' से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। किआ इंडिया के राष्ट्रीय प्रमुख-बिक्री और विपणन हरदीप सिंह बरार ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है।

- पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं

बरार ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं।

## त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर होगा समाप्त

### फुटकर उद्योग में त्योहारी सत्र का इंतजार

वत्स ने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष, बिक्री-सेवा-पुरानी कारों के कारोबार सबरी मनोहर ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा, इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है।



### त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद

निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे।

*मारुति सीमित संस्करण लाकर बिक्री बढ़ाएगी*

*मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी कुछ सीमित संस्करण वाले मॉडल लाकर अपनी बिक्री बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि 'गणेश चतुर्थी' और 'जन्माष्टमी' के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की।*

### प्रतीक्षा की लंबी अवधि कम हुई

जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन अर्बन क्रूजर हाइराइडर आदि के मामले में। इसके मामले में प्रतीक्षा अवधि कम हुई है। मनोहर ने कहा कि इसके अलावा धारणा में भी बदलाव आया है। अब न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों से भी पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी के लिए स्वीकार्यता बढ़ रही है।

## इस सप्ताह होने जा रही एमपीसी की बैठक

# एक बार फिर रेपो दर को यथावत रख सकता है रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

- खुदरा मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय
- पश्चिम एशिया संकट और बिगडने की संभावना
- कच्चे तेल और जिंस की कीमतों पर असर पड़ सकता है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस सप्ताह होने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है, तथा पश्चिम एशिया संकट के और बिगड़ने की संभावना है, जिसका असर कच्चे तेल और जिंस कीमतों पर पड़ेगा।

इस महीने की शुरुआत में सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की दर-निर्धारण समिति - मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पुनर्गठन किया। इसमें तीन नए नियुक्त बाहरी सदस्यों के साथ पुनर्गठित समिति सोमवार को अपनी पहली बैठक शुरू करेगी।

### नौ अक्टूबर को होगी बैठक के नतीजों की घोषणा

एमपीसी के चेयरमैन आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास बुधवार (नौ अक्टूबर) को तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि दिसंबर में ही इसमें कुछ ढील की गुंजाइश है।

### एमपीसी के रुख में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं

*आरबीआई कुछ अन्य विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों का भी अनुसरण नहीं करेगा, जिन्होंने ब्याज दरों में कमी की है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, "हमें रेपो दर या एमपीसी के रुख में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसका कारण यह है कि सितंबर और अक्टूबर में मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर रहेगी और मौजूदा कम मुद्रास्फीति आधार प्रभाव के कारण है। इसके अलावा, मुख्य मुद्रास्फीति धीरे-धीरे बढ़ रही है।*




### मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को कम किया जा सकता है

सबनवीस ने कहा कि इसके अलावा, हाल ही में ईरान-इजराइल संघर्ष और भी गहरा सकता है, और यहां अनिश्चितता है। इसलिए, नए सदस्यों के लिए भी यथास्थिति सबसे संभावित विकल्प है। मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को 0.1-0.2 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान में किसी बदलाव की संभावना नहीं है।

### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी से नीचे रह सकती है

सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) पर बनी रहे। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुसरण नहीं करेगा, जिसने बेंचमार्क दरों में 0.5 प्रतिशत की कमी की है।

### जीडीपी वृद्धि अनुमान से कम रहने की संभावना

केंद्रीय बैंक ने पिछली बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से, उसने दर को उसी स्तर पर बनाए रखा है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि शुरुआती पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि एमपीसी के अनुमान से कम रहने और दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति के कम रहने के अनुमान को देखते हुए हमारा मानना है कि अक्टूबर, 2024 की नीतिगत समीक्षा में रुख को बदलकर 'तटस्थ' करना उचित हो सकता है।

### लगातार दसवीं बार होगी ब्याज दरें यथावत

नायर ने कहा कि इसके बाद रेपो दर में दिसंबर, 2024 और फरवरी, 2025 में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लि. के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि रियल एस्टेट उद्योग और डेवलपर समुदाय के साथ घर खरीदार ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन केंद्रीय बैंक संभवतः लगातार दसवीं बार ब्याज दरों को यथावत रखेगा।

# अमूल की यूरोपीय बाजार में उतरने की तैयारी : एमडी

एजेंसी ▶▶| जमशेदपुर

अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध 'बेहद सफल' रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में उतरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ऐसा होता है तो यह इस ब्रांड के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा।




- अमेरिका में पेश किया दूध बेहद सफल रहा
- 'अमूल मॉडल' लाखों के जीवन में बदलाव ला रहा

शनिवार को यहां निजी व्यवसाय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडलः लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में मेहता ने कहा, ''भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा। मेहता ने कहा कि डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है।

### भारत भर में 107 डेयरी संयंत्र

मेहता ने कहा कि अमूल रोजाना 310 लाख लीटर से अधिक दूध एकत्र करती है। उन्होंने कहा कि भारत भर में 107 डेयरी संयंत्र और 50 से अधिक उत्पादों के साथ अमूल द्वारा सालाना 22 अरब पैक की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने दावा किया कि अमूल का कारोबार 80,000 करोड़ रुपये का है और अब यह वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी और खाद्य ब्रांड है, जिसके मालिक 36 लाख किसान हैं।

# कार्बोनेटेड शीतल पेय खंड में ऊंची कर क्षमता विस्तार में बाधक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के तहत ऊंचे कर जैसी बाधाओं के कारण कार्बोनेटेड शीतल पेय खंड को अपनी क्षमता तक पहुंचने में बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान इक्रियर की एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष देते हुए कहा गया कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी सरकार की पहल के बावजूद ऐसा हो रहा है। चीनी-मीठे पेय पदार्थों (एसएसबी) पर विभिन्न देशों में करों के तुलनात्मक आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 2023 तक कार्बोनेटेड शीतल पेय (सीएसडी) पर कुल कर दर 40 प्रतिशत थी। भारत सबसे अधिक कर दरों वाले देशों में शामिल है। 'भारत में कार्बोनेटेड पेय उद्योगः वृद्धि, नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कर नीति' शीर्षक वाली



- आर्थिक शोध संस्थान इक्रियर ने जारी की रिपोर्ट
- सरकार की पहल के बावजूद ऐसा हो रहा

रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक देशों में भारत की तुलना में कर की दर कम है।

*कम चीनी पेय पदार्थों की ओर युवा*

*वैश्विक स्तर पर और भारत में उपभोक्ता स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच कम चीनी और बिना चीनी वाले पेय पदार्थों की ओर रुख कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि सीएसडी बाजार भी अपने पारंपरिक उच्च चीनी कार्बोनेटेड पेय पदार्थों से कम चीनी और फल-आधारित पेय की ओर रुख कर रहे हैं।*

### उत्पाद फिर से तैयार किया जा रहा

दुनियाभर में उत्पादक उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों को फिर से तैयार कर रहे हैं और इन्हें सरकारी नीतियों तथा प्रोत्साहनों के जरिये समर्थन दिया जाता है।

# एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी।

# अनिल अंबानी का रिलायंस समूह 17,600 करोड़ रुपए जुटाएगा

- रिलायंस इंफ्रा व रिलायंस पावर धनराशि जुटाने शून्य कर्ज की स्थिति में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनियां - रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड 17,600 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने और शून्य कर्ज की स्थिति के साथ अपनी वृद्धि रणनीतियों को क्रियान्वित करने के लिए तैयार हैं।


दोनों कंपनियों ने इक्विटी शेयरों के तरजीही निर्गम के जरिये पिछले दो सप्ताह में 4,500 करोड़ रुपये और प्रसिद्ध वैश्विक




निवेश कंपनी वर्डे पार्टनर्स से इक्विटी से जुड़े दीर्घकालिक एफसीसीबी के जरिये 7,100 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। इनकी परिपक्वता अवधि 10 वर्ष है और ब्याज दर पांच प्रतिशत है। पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से अतिरिक्त 6,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे।

*दोनों कंपनियों का नेटवर्थ 25 हजार करोड़ रहेगा : सिर्फ 70:30 ऋण से इक्विटी अनुपात के बावजूद इक्विटी या इक्विटी संबद्ध बॉन्ड के जरिये 17,000 करोड़ रुपये जुटाने से समूह की कंपनियों के पास अगले कुछ साल को अपनी कारोबारी योजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की गुंजाइश होगी। इस वित्तपोषण के बाद दोनों कंपनियों का नेटवर्थ करीब 25,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।*

## निसान ने 10 करोड़ डॉलर का भारत में किया निवेश...





**नई दिल्ली।** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान ने अपने 'कॉम्पैक्ट' स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) मैग्नाइट के निर्यात केंद्र के रूप में भारत को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ डालर का अतिरिक्त निवेश किया है। निसान ने शुक्रवार को कहा कि यह निवेश 60 करोड़ डॉलर से अधिक है, जिसे कंपनी ने नए उत्पाद विकास और देश में अतिरिक्त बिक्री बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निर्धारित किया है। कंपनी का लक्ष्य 2026 तक घरेलू बिक्री को तिगुना करते हुए एक लाख इकाई और निर्यात को भी इतनी ही संख्या तक पहुंचाना है। निसान इंडिया के परिचालन खंड के अध्यक्ष फ्रैंक टोरेस ने यहां से कहा, 'इस नई मैग्नाइट में पहले से घोषित 60 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर का निवेश किया गया है...इसका मतलब है कि निसान भारत में बड़ी प्रतिबद्धता दिखा रही है।'

# इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ 365 करोड़ जुटने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल के सप्ताहों में आईपीओ की 'बाढ़' के बाद प्राथमिक बाजार में अब थोड़ी सुस्ती देखने को मिलेगी। अगले सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे।

सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइमडेटाबेस के




- आईपीओ बाढ़ के बाद अब प्राथमिक बाजार में सुस्ती
- सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ आए थे

अनुसार, अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

इस महीने दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी हुंडई की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड लगभग 25,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए प्राथमिक बाजार में उतरेगी।

### इस साल अब तक 63 आईपीओ आए

इसके अलावा इस साल अबतक 63 कंपनियों ने मुख्य खंड के आईपीओ के जरिये 64,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो 2023 में इस मार्ग से 57 कंपनियों द्वारा जुटाई गई 49,436 करोड़ रुपये की राशि से 29 प्रतिशत है।

### हुंडई का आईपीओ 14 अक्टूबर को आएगा

कंपनी का आईपीओ 14 अक्टूबर को आ सकता है। माना जा रहा है कि हुंडई का आईपीओ अबतक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नाम पर है, जिसके आईपीओ का आकार 21,000 करोड़ रुपये था।

## बैंक चालू वित्त वर्ष के लिए भर्ती की योजना बना रहा

# एसबीआई 10,000 कर्मचारियों की करेगा नियुक्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10,000 नए कर्मचारियों को भर्ती करने की योजना बना रहा है। बैंक यह नई भर्ती आम बैंकिंग जरूरतों और अपनी अपनी तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देने के लिए करेगा।

- नई भर्ती आम जरूरतों व तकनीकी क्षमता बढ़ाने होगी

बैंक ने निर्बाध ग्राहक सेवा प्रदान करने के साथ-साथ अपने डिजिटल चैनल को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण निवेश किया है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने बातचीत में कहा, हम अपने कार्यबल को प्रौद्योगिकी पक्ष के साथ-साथ सामान्य बैंकिंग पक्ष पर भी मजबूत कर रहे हैं। हमने हाल ही में प्रवेश स्तर और थोड़े उच्चस्तर पर लगभग 1,500 प्रौद्योगिकी लोगों की भर्ती की घोषणा की है। उन्होंने कहा, हमारी प्रौद्योगिकी भर्ती डेटा वैज्ञानिकों, डेटा आर्किटेक्ट्स, नेटवर्क संचालकों आदि जैसी विशेष नौकरियों पर भी है। हम उन्हें प्रौद्योगिकी पक्ष में विभिन्न प्रकार की नौकरियों के लिए भर्ती कर रहे हैं... इसलिए, कुल मिलाकर, हमारी वर्तमान वर्ष की आवश्यकता लगभग 8,000 से 10,000 लोगों की होगी।

### बैंक में कुल कर्मियों की संख्या 2,32,296

लोगों को विशेष और सामान्य दोनों पक्षों में जोड़ा जाएगा। मार्च, 2024 तक बैंक के कुल कर्मचारियों की संख्या 2,32,296 थी। इसमें से पिछले वित्त वर्ष के अंत में 1,10,116 अधिकारी बैंक में कार्यरत थे। क्षमता निर्माण के बारे में पूछे जाने पर शेट्टी ने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है और बैंक ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा कर्मचारियों को पुनः प्रशिक्षित और उन्नत बनाता है।




### बैंक के पास देशभर में 22,542 शाखाएं

चेयरमैन ने कहा कि बैंक ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष कौशल विकास प्रदान करता है। जहां तक नेटवर्क विस्तार की बात है, शेट्टी ने कहा कि एसबीआई चालू वित्त वर्ष में देशभर में 600 शाखाएं खोलने की योजना बना रहा है। मार्च, 2024 तक एसबीआई के पास देशभर में 22,542 शाखाओं का नेटवर्क है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं बदल रही

शेट्टी ने कहा, "ग्राहकों की अपेक्षाएं बदल रही हैं, तकनीक बदल रही है, डिजिटलीकरण को व्यापक रूप से अपनाया जा रहा है। इसलिए, हम सभी स्तर पर अपने कर्मचारियों को लगातार नया कौशल प्रदान कर रहे हैं।"




# टी20 विश्व कप : भारतीय महिला टीम की पहली जीत, पाकिस्तान को हराया

एजेंसी ⏭ दुबई

अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर की उम्दा बल्लेबाजी से भारत ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 105 रन बनाए। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में बड़ी हार झेलने के बाद भारतीय टीम को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस मैच को 11.2 ओवर में जीतना था लेकिन टीम बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करती दिखी। दो मैचों में पहली जीत से भारतीय टीम ग्रुप तालिका में पांचवें से चौथे स्थान पर आ गई। पाकिस्तान हार के बावजूद तीसरे स्थान पर है। शेफाली वर्मा ने 35 गेंद की पारी में तीन चौके की मदद से 32 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने गर्दन में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 24 गेंद में एक चौके की मदद से 29 रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्स ने 28 गेंद में 23 रन बनाए। हरमनप्रीत चोट के कारण मैच के बाद होने वाले पुरस्कार समारोह में भी नहीं आयी।



### अरुंधति ने झटके 3 विकेट

श्रेयंका (दो विकेट) और अरुंधति ने किफायती गेंदबाजी की। प्लेयर ऑफ द मैच अरुंधति ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीन विकेट लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा को एक-एक सफलता मिली।

### डार ने बनाए सबसे ज्यादा 28 रन

*पाकिस्तान के लिए अनुभवी निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान ने 34 गेंद की अपनी पारी में एक चौका जड़ा। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने 26 गेंद में दो चौके की मदद से 17 जबकि निचले क्रम में सैयदा अरूब शाह ने 17 गेंद में नाबाद 14 रन बनाए।*

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अली स्टं. ऋचा बो श्रेयंका | 17 | 26 | 2 | 0 |
| गुल फिरोजा बो रेणुका | 00 | 04 | 0 | 0 |
| सिदरा अमीन बो दीप्ति | 08 | 11 | 1 | 0 |
| सोहैल का शेफाली बो अरुंधति | 03 | 06 | 0 | 0 |
| निदा डार बो अरुंधति | 28 | 34 | 1 | 0 |
| रियाज पगबाधा अरुंधति | 04 | 09 | 0 | 0 |
| सना का ऋचा बो आशा | 13 | 08 | 2 | 0 |
| हसन का शेफाली बो श्रेयंका | 00 | 03 | 0 | 0 |
| सैयदा अरूब शाह नाबाद | 14 | 17 | 1 | 0 |
| नशरा संधू नाबाद | 06 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 105/8
गेंदबाजी : रेणुका 4-0-23-1, दीप्ति 4-0-24-1, अरुंधति 4-0-19-3, श्रेयंका 4-1-12-2, सोभना 4-0-24-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शेफाली का आलिया बो ओमाइमा | 32 | 35 | 3 | 0 |
| मंधाना का तुबा बो सादिया | 07 | 16 | 0 | 0 |
| जेमिमा का मुनीबा बो फातिमा | 23 | 28 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर रिटायर्ड हर्ट | 29 | 24 | 1 | 0 |
| ऋचा का मुनीबा बो फातिमा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| सजीवन संजना नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 18.5 ओवर में 108/4
गेंदबाजी : फातिमा 4-0-23-2, सादिया 4-0-23-1, निदा डार 1.5-0-10-0, सोहैल 3-0-17-1, नशरा संधू 4-0-21-0, तुबा हसन 2-0-14-0.

## खबर संक्षेप




### डाइमंड हार्बर ने जीता आईलीग-3 खिताब

**नैहाटी।** कोलकाता के डाइमंड हार्बर एफसी ने रविवार को यहां नैहाटी स्टेडियम में चेनमारी एफसी को 1-0 से हराकर आईलीग तीन फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विजेता टीम की ओर से मैच का एकमात्र गोल मिडफील्डर राघव गुप्ता ने 29वें मिनट में किया। इस हार के साथ मिजोरम के चेनमारी एफसी का लगातार आठ जीत का क्रम भी टूट गया। डाइमंड हार्बर की टीम सिर्फ तीन साल से खेल रही है और उसने राष्ट्रीय स्तर का अपना पहला खिताब जीतने के अलावा आईलीग दो के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

### आडवाणी बने सिंगापुर ओपन चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को स्थानीय दावेदार जेडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर में प्रतिष्ठित सोंगही सिंगापुर ओपन का खिताब जीता।



आडवाणी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान क्वार्टर फाइनल में पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूर चैंपियन थाईलैंड के देचावत पूमजाएंग को 4-3 से हराया था। ओंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन आडवाणी ने शुरुआती दोनों फ्रेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीते और 2-0 की बढ़त बनाई। ओंग ने तीसरा फ्रेम जीता लेकिन आडवाणी ने अगले दोनों फ्रेम जीतकर मुकाबला जीत लिया।

### मोहसिन ने जीता इंडिया टैलेंट कप

**चेन्नई।** मोहसिन परंबन ने रविवार को यहां आईडेमिट्सू होंडा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250आर का 2024 सत्र का खिताब अपने नाम किया। मलप्पुरम के इस राइडर ने इस सत्र में 10 रेसों में से सात में जीत हासिल की। वह हालांकि रविवार को आखिरी दौर में जीत दर्ज करने में विफल रहे। सेवियन साबू ने इसका फायदा उठाते हुए बढ़त बनाई और उसे आखिर तक बरकरार रखा। उन्होंने 15 मिनट और 03.809 सेकंड का समय लिया। वह अपने पदार्पण वर्ष में इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ युवा राइडर बन कर उभरे। मोहसिन 15 मिनट और 10.876 सेकंड के समय के साथ दूसरे जबकि बीदानी राजेंदर 15 मिनट और 17.258 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### गॉफ ने जीता चीन ओपन का खिताब



**बीजिंग।** कोको गॉफ ने रविवार को चीन ओपन के फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 6-3 से हराकर इस सत्र में अपना दूसरा खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज अमेरिका की यह खिलाड़ी पिछले 14 साल में इस खिताब को जीतने वाली सबसे कम उम्र की है। बीस साल की गॉफ के कॅरियर का यह आठवां खिताब है।

## टी20 : 14 रन देकर 3 विकेट लेने वाले अर्शदीप बने प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से रौंदा, 71 गेंदों में दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ ग्वालियर

भारत ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट की आसान जीत दर्ज की।

बांग्लादेश के 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने हार्दिक पंड्या (नाबाद 39), संजू सैमसन (29) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (29) की पारियों की बदौलत 8.1 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 132 रन बनाकर जीत दर्ज की। नितीश कुमार रेड्डी भी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। पंड्या और नीतीश ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

भारत ने इससे पहले तेज गेंदबाज अर्शदीप और लगभग तीन साल बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे लेग स्पिनर चक्रवर्ती के तीन-तीन विकेट से बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रन पर समेट दिया। वाशिंगटन सुंदर, मयंक यादव और पंड्या ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

पहला टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मुकाबला 9 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज नाबाद 35 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।



### मयंक ने डेब्यू मैच में किया मेडन ओवर

डेब्यू मैच में मयंक यादव ने पहला ही ओवर मेडन किया। इसके साथ ही मयंक ने एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। मयंक अब टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला ओवर मेडन करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले 2 भारतीय ही यह कारनामा कर पाए हैं। वर्तमान में भारतीय टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने 2006 में साउथ अफ्रीका और अर्शदीप सिंह ने जुलाई 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ साउथेम्प्टन में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू मैच में कोई रन नहीं दिए थे।



### वरुण चक्रवर्ती का शानदार प्रदर्शन

लंबे समय बाद वापसी कर रहे वरुण चक्रवर्ती ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 7.80 की इकॉनमी से 31 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वरुण ने तौहीद हृदयोय, जाकिर अली और रिशद हुसैन को अपना शिकार बनाया। वरुण के अलावा प्लेयर ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने भी 3 विकेट अपने नाम किए।

### नीतीश को डेब्यू कैप

*भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पीड स्टार मयंक यादव और नीतीश कुमार रेड्डी को डेब्यू का मौका दिया है। मयंक ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करके फैन्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। हालांकि इंजरी के चलते उन्हें टूर्नामेंट के बीच से ही हटना पड़ा था।*

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| परवेज इमोन बो अर्शदीप | 08 | 09 | 0 | 1 |
| दास का रिंकू बो अर्शदीप | 04 | 02 | 1 | 0 |
| नजमुल शंटो का एवं बो सुंदर | 27 | 25 | 1 | 1 |
| हृदय का पंड्या बो चक्रवर्ती | 12 | 18 | 2 | 0 |
| महमूदुल्लाह का सुंदर बो मयंक | 01 | 02 | 0 | 0 |
| जाकिर अली बो चक्रवर्ती | 08 | 06 | 0 | 1 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 35 | 32 | 3 | 0 |
| रिषाद का पंड्या बो चक्रवर्ती | 11 | 05 | 1 | 1 |
| तास्किन अहमद रन आउट | 12 | 13 | 1 | 0 |
| शरीफुल इस्लाम बो पंड्या | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मुस्ताफिजुर बो अर्शदीप | 01 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 19.5 ओवर में 127/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 3.5-0-14-3, पंड्या 4-0-26-1, चक्रवर्ती 4-0-31-3, मयंक 4-1-21-1, नितीश 2-0-17-0, सुंदर 2-0-12-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का रिषाद बो मिराज | 29 | 19 | 6 | 0 |
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 16 | 07 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का जाकिर बो रहमान | 29 | 14 | 2 | 3 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 16 | 15 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 39 | 16 | 5 | 2 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 11.5 ओवर में 132/3
गेंदबाजी : शरीफुल 2-0-17-0, तस्कीन 2.5-0-44-0, मुस्ताफिजुर 3-0-36-1, रिषाद 3-0-26-0, मिराज 1-0-7-1.

## टेनिस

# रेथिन प्रणव, वैदेही चौधरी बने फेनेस्टा ओपन चैंपियन



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गैर वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के रेथिन प्रणव और शीर्ष वरीय गुजरात की वैदेही चौधरी ने शनिवार को यहां 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब अपने नाम किए। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले प्रणव ने फाइनल में रेलवे के नितिन कुमार सिन्हा को 6-4, 2-6, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं वैदेही ने तमिलनाडु की युवा माया रेवती को डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक चले फाइनल में 6-3, 6-3 से हराकर अपने करियर में दूसरी दफा महिला एकल खिताब जीता। लड़कों के अंडर-18 फाइनल में कर्नाटक के अराध्य क्षितिज ने मणिपुर के शंकर हेसनाम को 5-7, 7-5, 6-4 से मात दी। बालिका अंडर-18 वर्ग का खिताब महाराष्ट्र की प्रिशा शिंदे ने जीता जिन्होंने तमिलनाडु की दिया रमेश को 1-6, 7-6, 6-2 से शिकस्त दी।

### हम शारीरिक रूप से अब बेहतर : मार्केज



**कोलकाता।** भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने वियतनाम के खिलाफ आगामी मैत्री मैच के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और टीम के मुख्य कोच मानोलो मार्केज का मानना है कि उनके खिलाड़ी सितंबर की तुलना में शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में हैं। यह मैत्री मैच 12 अक्टूबर को होना है। मानोलो ने कहा, 'निश्चित रूप से शारीरिक रूप से हम सत्र से पहले की तुलना में बेहतर हैं। अब भी कुछ खिलाड़ी हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन वे यहां नहीं हैं। हम अब भी सत्र की शुरुआत में हैं। मैं उन लोगों के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता जो यहां नहीं हैं।'

## रग्बी

# भारतीय महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवंस में जीता रजत पदक



एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया।

शिखा यादव की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। लीग दौर में भारत ने श्रीलंका को 29-10 और इंडोनेशिया को 17-10 से शिकस्त दी थी। टूर्नामेंट शुक्रवार और शनिवार को कराया गया। टीम के रजत पदक पर फक्र महसूस करते हुए भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने कोच वैसाले सेरेवी और सहयोगी स्टाफ का भी शुक्रिया किया। विज्ञप्ति के अनुसार शिखा ने कहा, 'रजत पदक जीतना विशेष है, लेकिन टीम इस पदक का रंग स्वर्ण में बदलने के लिए खुद पर काम करना जारी रखेगी।

जिस तरह से टीम ने मजबूत टीम के खिलाफ खेल दिखाया, मुझे उसे पर गर्व है। यह टीम के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हम मुख्य कोच और पूरे सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया अदा करते हैं।'

### वेस्टइंडीज ने खोला जीत का खाता

**दुबई।** एफी फ्लेचर और शिनेल हेनरी की शानदार गेंदबाजी के बाद किआना जोसेफ (31 रन) और डिएंड्रा डॉटिन (नाबाद 28 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में रविवार को स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया। वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को आठ विकेट पर 99 रन पर रोकने के बाद महज 11.4 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। जोसेफ ने 18 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का जबकि डॉटिन ने 15 गेंद की नाबाद पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। शिनेल हेनरी ने भी 10 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 18 रन का योगदान दिया। डॉटिन और हेनरी ने 20 गेंद में 42 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को 50 गेंद शेष रहते जीत दिला दी।



### मणिपाल टाइगर्स और कोणार्क सूर्यास ओडिशा ने बांटे अंक

**जोधपुर।** मणिपाल टाइगर्स और कोणार्क सूर्यास ओडिशा को रविवार को यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के तीसरे सत्र के मैच के दौरान स्कोरिंग में विसंगति पाए जाने के बाद एक एक अंक दिया गया। एलएलसी की शीर्ष परिषद और टूर्नामेंट की तकनीकी समिति द्वारा समीक्षा के बाद यह पुष्टि की गई कि मणिपाल टाइगर्स का स्कोर आठ विकेट पर 104 रन होना चाहिए था, ना कि आठ विकेट पर 102 रन जो 20 सितंबर को यहां बरकतुल्लाह स्टेडियम में आयोजित मैच में दर्ज किया गया था। मणिपाल टाइगर्स ने मैच के दौरान इसकी शिकायत थी लेकिन गलती का समय पर पता नहीं लगाया जा सका और इसलिए मैच के दौरान इसे ठीक नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप गलत स्कोर हुआ। महान क्रिकेटर रवि शास्त्री और सैयद किरमानी की शीर्ष परिषद ने एड्रियन ग्रिफिथ की अगुआई में ईटीसी के फैसले को बरकरार रखा और फैसला किया कि परिणाम वही रहेगा, लेकिन दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा।

MANIPAL TIGERS

### अमेरिकन गैम्बिट्स ने गंगा ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ 10-4 से दर्ज की जीत

# नाकामुरा ने आनंद को हराया ग्रैंडमास्टर्स की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी ⏭ लंदन

▪ ग्लोबल चेस लीग

ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा और एलिजाबेथ पेहत्ज के शानदार खेल के दम पर अमेरिकन गैम्बिट्स ने रविवार को यहां टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज के चौथे दिन शुरुआती मैच में विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली गंगा ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की।

शुरुआती पांच मैचों में चार हार के बाद आनंद की टीम के लिए खिताबी दौड़ में बने रहने मुश्किल होगा। टॉस जीतने के कारण अमेरिकन गैम्बिट्स को सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिला। नाकामुरा ने पांच बार विश्व चैम्पियनप आनंद को हराकर चौका दिया। महिलाओं के मुकाबले में गंगा ग्रैंडमास्टर्स की नर्ग्युल सालिमोवा ने एलिजाबेथ के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया लेकिन जर्मनी की खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। परहम माघसूदलू ने वेई यी जबकि बिबिसारा असौबायेवा ने आर वैशाली के साथ बराबरी का मुकाबला खेला। जान-क्रिजिस्तोफ डूडा और अर्जुन एरिगैसी के साथ जूनियर खिलाडियों के बोर्ड पर जोनास बजेरे और वोलोडर मुर्जिन ने ड्रॉ खेले।अमेरिकन गैम्बिट्स की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।



## सुल्तान जोहोर कप : 19 को मलेशिया से होगा भारत का मुकाबला

# श्रीजेश की कोचिंग डेब्यू, अली संभालेंगे कमान

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

आमिर अली को 19 अक्टूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है और रोहित उप कप्तान होंगे जबकि महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा।

इसके बाद टीम का सामना ब्रिटेन (20 अक्टूबर), मेजबान मलेशिया (22 अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (23 अक्टूबर) और न्यूजीलैंड (25 अक्टूबर) से होगा। शीर्ष दो टीमें 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था। कप्तान अली ने कहा, 'सुल्तान जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए परीक्षा के तौर पर काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।'





### टीम इस प्रकार है

गोलकीपरः बिक्रमजीत सिंह, अली खान। डिफेंडरः आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उप कप्तान) मिडफील्डरः अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव। फॉरवर्डः गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद कोनैन डैड।

Hero

GIFT

Grand Indian Festival of Trust

# 77 लाख कारण

## हीरो स्कूटर को अपना बनाने के

हीरो स्कूटर्स के 77 लाख~ संतुष्ट ग्राहक

शानदार ऑफ़र्स का लाभ उठाएं

7 फ्री सर्विसेज़

₹77 में रोडसाइड असिस्टेंस

₹777 में इंश्योरेंस

₹7777 तक के Hero GoodLife बेनिफिट्स

₹12000 तक के कुल लाभ




Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart

SCAN TO UNLOCK GREAT OFFERS

Special rates for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per cumulative & combined dispatch volume of all Scooter models/variants till August 2024. Data Source: SIAM Dispatch data. ##Conditional E-vouchers with an estimated value of ₹7777 are subject to the availability of participating brands, their offers & respective T&Cs. This is a limited-period scheme/campaign/offer available at selected Hero MotoCorp dealerships on specific models. ~~Applicable for first year only and with selected partners. ###Mandatory 5-year TP cover and any other add on coverage cost would be additional and to be payable by the customer. Available with selected insurance partners. ~~~This represents the maximum potential value achievable by combining all four schemes (GoodLife Benefit, Insurance, RSA, and Free Service). Actual benefits may vary. Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. Ex-showroom price of Base model in Delhi & NCR. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *T&C apply. Offer valid from 3rd Oct'24 to 3rd Nov'24. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, हरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

RS/Hero/10/24

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com